संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

23 जुलाई 2026, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 08, अंक - 298
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

अनंतनाग में आतंकी हमला एक पुलिसकर्मी शहीद

अनंतनाग । जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में बुधवार को अनंतनाग शहर में आतंकवादियों के हमले में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट ने सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए हमले कि जिम्मेदारी ली है।

झारखंड को मिला अपना फिल्म इंस्टीट्यूट

रांची में तैयार होंगे सिनेमा और अन्य विधाओं के कलाकार

झारखण्ड फ़िल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड और सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट के बीच एमओयू

- एसआरएफटीआई कोलकाता के सहयोग से शुरू होगा संस्थान
- अभिनय, निर्देशन, एडिटिंग, सिनेमैटोग्राफी और स्क्रिप्ट राइटिंग की मिलेगी प्रोफेशनल ट्रेनिंग

संवाददाता

रांची । फिल्म, अभिनय, निर्देशन और सिनेमैटोग्राफी के क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देखने वाले झारखंड के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब उन्हें पेशेवर प्रशिक्षण के लिए मुंबई, पुणे या कोलकाता का रुख नहीं करना पड़ेगा। राज्य सरकार और सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट (एसआरएफटीआई), कोलकाता के सहयोग से रांची में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ झारखंड (जेएफटीआई) की स्थापना की जाएगी।

इस संबंध में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड और एसआरएफटीआई के बीच प्रोजेक्ट भवन में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होंगे। इस पहल का उद्देश्य राज्य में फिल्म निर्माण की संस्कृति को बढ़ावा देना और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

संस्थान में शुरुआत में शॉर्ट टर्म कोर्स संचालित किए जाएंगे। इनकी कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सूचना भवन (आईपीआरडी) में चलेंगी। इन कोर्सों में फिल्म एप्रिसिएशन, निर्देशन, सिनेमैटोग्राफी, एडिटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एनीमेशन समेत फिल्म निर्माण से जुड़े विभिन्न विषय शामिल होंगे। इसके बाद अगले शैक्षणिक सत्र से स्नातक (यूजी) और भविष्य में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे।

संस्थान के लिए आवश्यक उपकरण और आधारभूत ढांचे की व्यवस्था झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन करेगा, जबकि पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण, परीक्षा, मूल्यांकन और प्रमाणपत्र की पूरी प्रक्रिया एसआरएफटीआई के मानकों के अनुरूप होगी। संस्थान में पढ़ाने के लिए एसआरएफटीआई अपने अनुभवी प्रोफेसरों और तकनीकी विशेषज्ञों को रांची भेजेगा। इसके अलावा, संस्थान की लाइब्रेरी के लिए विश्वस्तरीय पुस्तकों और फिल्मों की सूची भी एसआरएफटीआई उपलब्ध कराएगा, ताकि छात्रों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री मिल सके।

आईपीआरडी के संयुक्त निदेशक आनंद ने कहा कि झारखंड लंबे समय से फिल्म निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। ऋत्विक घटक और सत्यजीत रे जैसे दिग्गज फिल्मकार यहां फिल्मों की शूटिंग कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि नए संस्थान की स्थापना से राज्य में फिल्म संस्कृति को नई पहचान मिलेगी, स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

झारखंड के फिल्मकारों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

रांची । झारखंड के युवा पुरस्कार विजेता फिल्मकार बीजू टोप्पो, सेराल मुर्मू, निरंजन कुजूर, रवि राज मुर्मू, अनुज कुमार और मानसिंह बास्के ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फिल्म क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है कि राज्य के कलाकार, निर्देशक और फिल्मकार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियां सामने आ रही हैं, जो राज्य की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत कर रही हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में झारखंड राज्य को फिल्म विकास (फिल्म डेवलपमेंट) के क्षेत्र में और आगे ले जाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण, शूटिंग, तकनीकी प्रशिक्षण और स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित फिल्मकारों ने अपनी फिल्मों, निर्देशकीय उपलब्धियों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों के बारे में बताया। इन सभी ने झारखंड की जनजातीय, सामाजिक और सांस्कृतिक विषयवस्तु पर आधारित फिल्मों के जरिए व्यापक पहचान बनाई है। मौके पर फिल्मकारों ने मुख्यमंत्री को राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने, स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने और झारखंड को एक उभरते फिल्म-गंतव्य के रूप में विकसित करने के संबंध में अपने सुझाव भी साझा किए।

संक्षिप्त खबरें

छात्रों पर लाठीचार्ज मामले में सुप्रीम कोर्ट का तुरंत सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। बुधवार को एक वकील ने सीजेआई की अगुआई वाली 3 जजों की बेंच के सामने जनहित याचिका लगाई थी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमें वीडियो देखने में कोई रुचि नहीं है। हमारे पास उन्हें देखने का समय नहीं है। जब वकील ने छात्रों के साथ मारपीट के वीडियो देखने का दूसरी बार अनुरोध किया तो सीजेआई ने कहा कि हमारा और अपना समय बर्बाद मत कीजिए। वहीं सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने छात्र प्रदर्शन के दौरान निर्दोष छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है।

रामगढ़ कोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

रामगढ़ । रामगढ़ व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी स्पीड पोस्ट से एक चिट्ठी भेज कर दी गई है। यह धमकी सीधे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को दी गई है। बांग्ला भाषा में मिली चिट्ठी के बाद व्यवहार न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद रामगढ़ एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही कोर्ट परिसर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। मंगलवार की रात और बुधवार की सुबह पूरे व्यवहार न्यायालय परिसर की जांच की गई।

संसद में नीट पर घमासान : खड़गे ने मांगा प्रधान का इस्तीफा, सदन स्थगित

सरकार चर्चा के लिए पूरी तरह से तैयार : रिजिजू

एजेंसी

नई दिल्ली । संसद के मानसून सत्र में बुधवार को विपक्ष ने नीट पेपर लीक मामले और कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर जबरदस्त हंगामा किया। हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित की गई। वहीं राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ किया विपक्ष नीट पेपर लीक मामले में चर्चा तभी करेगा जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दे। कांग्रेस नेता खड़गे ने कहा, केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान पहले इस्तीफा दें, फिर सदन में चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले इस बात का आश्वासन दें।

दूसरी ओर, मोदी सरकार ने विपक्ष के रुख को राजनीति से प्रेरित बताया। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले तीन दिनों से लगातार नीट पेपर लीक मुद्दे पर चर्चा की पेशकश कर रही है, लेकिन विपक्ष इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है।

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के व्यवहार को बहुत गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। उन्होंने कहा, हम संसद में उनके लोकतंत्र-विरोधी व्यवहार को साफ देख सकते हैं। विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया और इसे 'ब्लैक डे' करार दिया। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार पर ऐसा दबाव है कि वह मंत्री को नहीं हटा पा रही है। उन्होंने कहा कि काला रंग विरोध और दुख का प्रतीक है।

अन्ना हज़ारे ने प्रधानमंत्री से की छात्रों से बातचीत की अपील

नई दिल्ली । दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन और हालिया हिंसा के बीच समाजसेवी अन्ना हज़ारे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरकार से छात्रों के साथ संवाद शुरू करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी विवाद का समाधान बातचीत से निकलता है और सरकार को आंदोलनकारी छात्रों की बात गंभीरता से सुननी चाहिए। अपने पत्र में अन्ना हज़ारे ने जंतर-मंतर पर हुई हिंसा और टकराव पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं बेहद दुखद हैं। उन्होंने लिखा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनकी समस्याओं का समाधान बल प्रयोग या टकराव से नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण संवाद से होना चाहिए।

पुलिस कार्रवाई नहीं किए जाने का आश्वासन पर तोड़ दूंगा अनशनः वांगचुक

नई दिल्ली । शिक्षाविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह को पत्र लिखकर कहा है कि आंदोलन में शामिल युवाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं किए का आश्वासन मिलने पर वे अपना अनिश्चितकालीन अनशन तोड़ देंगे। वांगचुक ने अपना यह पत्र एक्स पर साझा किया है। वांगचुक ने पत्र में कहा, ÷यदि सरकार प्रदर्शन में शामिल युवाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक या कानूनी कार्रवाई न करने का स्पष्ट आश्वासन देती है, तो वह विश्वास के साथ अपना अनशन समाप्त कर देंगे।

सीजेपी का नड्डा के आवास पर जाने से इनकार, जंतर-मंतर के पास तटस्थ स्थान पर वार्ता का दिया प्रस्ताव

नई दिल्ली । सोशल मीडिया अभियान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के आवास पर जाकर बातचीत करने से इनकार किया है। सीजेपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि बातचीत जंतर-मंतर पर अथवा इसके निकट किसी तटस्थ स्थान पर होनी चाहिए। सीजेपी प्रवक्ता सौरभ दास ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि आज सुबह पुलिस ने सीजेपी प्रतिनिधियों से संपर्क कर जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्री नड्डा उनसे बातचीत करना चाहते हैं और इसके लिए अपने आवास पर आने का निमंत्रण दिया है, लेकिन सीजेपी ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। सौरभ दास ने कहा कि सीजेपी का कोई भी प्रतिनिधि किसी मंत्री के घर या कार्यालय नहीं जाएगा। जंतर-मंतर पर जनता दरबार लगा हुआ है और यदि सरकार बातचीत करना चाहती है तो मंत्रियों को जनता के बीच आना चाहिए। उन्होंने कहा कि वार्ता जंतर-मंतर पर ही होनी चाहिए।

पोड़ैयाहाट के एमओ को सीआईडी ने किया गिरफ्तार

संवाददाता

गोड्डा । गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी उर्फ मनोज कुमार तिवारी को सीआईडी की टीम ने मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है।आरोप है कि टीडीपीएल कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर के पद पर रहते हुए उसने जेएसएससी और जेपीएससी की कई परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा कर सफलता हासिल की।नगड़ी के एसएस शर्मा ने इस संबंध में स्थानीय थाना, इडी,सीआईडी में शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत में कहा गया था कि आरोपी संगठित परीक्षा सिंडिकेट के लिए काम करता था।शिकायत के अनुसार आरोपी ने पीजीटीटीसीई-2023 में रोल नंबर 10309146, जेएसएससी सीजीएल-2023 में रोल नंबर 1237696, रैंक-2, एसीएफ पीटी परीक्षा 2024 में रोल नंबर 24300086 और एमआरओ पीटी परीक्षा 2024 में रोल नंबर 24400147 के साथ एफएसओ लिखित परीक्षा 2023 भी पास की है।आरोप है कि इन सभी परीक्षाओं में उसने गलत तरीके से बैठकर सफलता पाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईडी ने छापेमारी का निर्णय लिया।सीआईडी की टीम ने पोड़ैयाहाट के बांझी रोड स्थित किराए के मकान पर छापेमारी की।यहां से पूछताछ के लिए अभय कुमार तिवारी को हिरासत में ले लिया गया।छापेमारी के दौरान मकान से पांच लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक सीआईडी की टीम देर रात तक उससे पूछताछ करती रही। प्रारंभिक पूछताछ में परीक्षा सिंडिकेट और फर्जीवाड़े से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आने की संभावना जताई जा रही है।प्रारंभिक पूछताछ में परीक्षा सिंडिकेट और फर्जीवाड़े से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

रामगढ़ डीसी ने किया गोला सीओ सहित सभी कर्मियों का वेतन बंद, एक निलंबित

रामगढ़ (संवाददाता)। डीसी ऋतुराज जनता के काम को लेकर काफी गंभीर हैं। उनके जनता दरबार में भी कोई जरूरतमंद खाली हाथ नहीं लौटता। उनका निर्देश साफ है कि किसी कार्यालय में जरुरतमंदों का काम किसी अधिकारी और कर्मचारी की लापरवाही के कारण ना रुके। लेकिन उनके निर्देशों के बावजूद गोला के अंचलाधिकारी लापरवाह निकले। बुधवार को डीसी ऋतुराज जब गोला अंचल कार्यालय पहुंचे, तो वहां की कार्यशैली देखकर भड़क गए। उन्होंने तत्काल एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया। साथ ही लापरवाही को लेकर अंचल अधिकारी सीताराम महतो का वेतन रोक दिया। साथ ही वहां काम करने वाले सभी कर्मचारियों पर नाराजगी प्रकट करते हुए उन्होंने सभी का वेतन रोकते हुए सभी लंबित फाइल को अद्यतन करने का निर्देश दिया।

जेपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग पर रांची में बवाल भाजयुमो ने जेपीएससी मुख्यालय का किया घेराव

संवाददाता

रांची । भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेतृत्व में बुधवार को राज्य के सभी जिलों से पहुंचे युवा कार्यकर्ताओं ने 14वीं जेपीएससी परीक्षा परिणाम में कथित धांधली, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के विरोध में राज्यस्तरीय प्रदर्शन करते हुए झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार और आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा 14वीं जेपीएससी परीक्षा परिणाम को रद्द कर पूरे मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग उठाई।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने जेपीएससी जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के बजाय युवाओं से आवेदन शुल्क लेकर उनकी मेहनत की कमाई का दुरुपयोग किया गया और रोजगार को एक व्यापार बना दिया गया।

शशांक राज ने आरोप लगाया कि राज्य के लाखों युवाओं के भविष्य और सपनों के साथ खिलवाड़ किया गया है। झारखंडी युवाओं के अधिकारों का हनन कर नौकरियों की खरीद-फरोख्त का खेल खेला गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो द्वारा निकाले गए मशाल जुलूस और राज्यव्यापी जनाक्रोश के दबाव में जेपीएससी अध्यक्ष से जल्दबाजी में इस्तीफा लिया गया।

एल ख्यांग्ते का इस्तीफा राज्यपाल ने किया मंजूर

रांची । झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एल ख्यांग्ते का इस्तीफा राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंजूर कर लिया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस्तीफे से संबंधित फाइल मुख्य सचिव के माध्यम से कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग को भेज दी गई है। अब विभाग की ओर से इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक अधिसूचना जारी की जाएगी।

जेपीएससी मेंस परीक्षा अगले आदेश तक स्थगित

रांची। जेपीएससी ने झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा-2025 (विज्ञापन संख्या-01/2026) को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है।बुधवार को आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।आयोग द्वारा पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह मुख्य परीक्षा दिनांक 25 जुलाई, 26 जुलाई और 27 जुलाई को रांची जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होने वाली थी।आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, सरकार से मिले आदेश और परीक्षा संचालन में हुई गड़बड़ी के कारण अपरिहार्य परिस्थितियों को देखते हुए इस परीक्षा को अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

राजधानी में घर में घुसकर व्यक्ति की हत्या



संवाददाता

रांची । राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर के खोरहाटोली में बुधवार सुबह एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। अपराधियों ने घर में सो रहे रमेश ठाकुर की लोहे के औजार पलाश से सिर पर वार कर हत्या कर दी। परिजनों की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, रमेश ठाकुर मंगलवार रात अपने कमरे में अकेले सो रहे थे। बुधवार सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो उनका शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

जमशेदपुर : केनरा बैंक से गोल्ड लोन का 1.10 करोड़ रुपये मूल्य का सोना गायब, बैंक अधिकारियों पर एफआईआर

संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम । आजादनगर थाना क्षेत्र स्थित बामनगोड़ा के जाकिरनगर में संचालित केनरा बैंक की कबीर मेमोरियल शाखा में गोल्ड लोन के तहत गिरवी रखे गए करीब 1 करोड़ 10 लाख 48 हजार रुपये मूल्य के सोने के कथित रूप से गायब होने का मामला सामने आया है। बैंक की आंतरिक ऑडिट में अनियमितता उजागर होने के बाद बैंक प्रबंधन ने आजादनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले में शाखा के तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों सहित दो अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है। बैंक के बिष्टुपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के रीजनल मैनेजर मंगेश रामानाथन (एम. रामानाथन) की शिकायत पर दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि शाखा के लॉकर में गोल्ड लोन के बदले सुरक्षित रखे गए सोने के कई पैकेट जांच के दौरान गायब पाए गए। शिकायत के अनुसार यह कथित गबन 12 जून 2024 से 18 जून 2024 के बीच किया गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ 10 लाख 48 हजार रुपये है। प्राथमिकी में तत्कालीन सीनियर मैनेजर एवं प्रथम लॉकर इंचार्ज मोहम्मद शाबीर, गोल्ड लोन ऑफिसर इमरान खान, द्वितीय चाबी अधिकारी सूरज टुडू, अधिकारी रिया घोष, तत्कालीन शाखा प्रभारी अनुज टोप्पो तथा दो अज्ञात व्यक्तियों को नामजद आरोपी बनाया गया है।

बैंक में प्रत्येक तीन महीने पर होने वाली नियमित ऑडिट के दौरान गोल्ड लोन के रिकॉर्ड का लॉकर में सुरक्षित रखे गए सोने से मिलान किया गया। इसी प्रक्रिया में कई पैकेट गायब मिलने पर बैंक प्रबंधन ने विस्तृत आंतरिक जांच शुरू की और इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

झारखंड में घोटालों से बड़ा जांच घोटाला, सीबीआइ से जांच हो : रघुवर

संताल एक्सप्रेस

जमशेदपुर। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य में विभिन्न घोटालों की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि प्रदेश में घोटालों से बड़ा घोटाला जांच घोटाला बन गया है। उन्होंने कहा कि राज्य का युवा जानना चाहता है कि क्या हर बार जांच की कहानी इसी तरह आगे बढ़ती रहेगी। रघुवर दास ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) घोटाले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआइटी) ने आरोपितों को गिरफ्तार किया और महत्वपूर्ण साक्ष्य भी जुटाए, लेकिन तत्कालीन अध्यक्ष का केवल इस्तीफा लेकर उन्हें सुरक्षित निकास दे दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब झारखंड लोक सेवा आयोग से जुड़े मामले में भी वही प्रक्रिया दोहराई जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समस्या केवल घोटालों की नहीं, बल्कि उनकी जांच के तरीके की भी है। उनका आरोप है कि कार्रवाई का उद्देश्य दोषियों को सजा दिलाना नहीं, बल्कि घोटालों में शामिल प्रभावशाली लोगों और कुछ नौकरशाहों को बचाना तथा साक्ष्यों को मिटाना प्रतीत होता है। रघुवर दास ने शराब, जमीन, अवैध खनन और डीएमएफटी से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि इन मामलों की जांच में राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल साक्ष्यों को नष्ट करने और दोषियों को संरक्षण देने के लिए किया जा रहा है, तो यह न्याय व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

ठनका गिरने से पिता- पुत्र की मौत

पलामू । पलामू जिले के पांकी प्रखंड क्षेत्र के माड़न पंचायत के पुरुषोत्तमपुर गांव में मंगलवार रात आकाशीय बिजली गिरने से पिता- पुत्र की मौत हो गई। जबकि एक महिला जख्मी है। उसका इलाज पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। मृतक के पहचान पिता बालमुकुंद यादव और पुत्र दिलीप यादव के रूप में हुई है। जख्मी महिला अनीता देवी, पिता ईश्वरी यादव है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार पांकी थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर के रहने वाले बालमुकुंद यादव और उनके बेटे दिलीप यादव मंगलवार शाम तेतराई गए थे। वहां से वे दोनों रात में बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को अस्पताल भेजा गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद पांकी थाना की पुलिस पुरुषोत्तमपुर पहुंची।पांकी के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रहा है।

खुले में कटे हुए बकरे और मुर्गे की बिक्री पर हाइकोर्ट गंभीर

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने राजधानी सहित पूरे राज्य में दुकानों में खुलेआम कटे हुए बकरे व मुर्गे की बिक्री के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।चीफ जस्टिस एमएस सोनक व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के जवाब को देखते हुए नियमावली बनाने के लिए समय प्रदान किया।साथ ही खंडपीठ ने सरकार के सचिव को शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने 20 अगस्त की तिथि निर्धारित की। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता योगेश मोदी ने खंडपीठ को बताया कि नियमावली का ड्रॉफ्ट बना लिया गया है।नियमावली का ड्रॉफ्ट वित्त विभाग को भेजा गया है।इसके बाद इसे कैबिनेट में सहमति के लिए भेजा जायेगा।सरकार की ओर से एक माह का समय देने का आग्रह किया गया।कोर्ट ने राज्य सरकार को दो माह में नियमावली बनाने का निर्देश दिया था।उल्लेखनीय है कि प्रार्थी श्यामानंद पांडेय ने जनहित याचिका दायर की है।याचिका में कहा गया है कि रांची सहित राज्य में खुले में कटे हुए बकरा व चिकन की बिक्री के लिए दुकानदार उसका प्रदर्शन करते हैं।यह एफआइसीसीआइ के रूल एंड रेगुलेशन के खिलाफ है।साथ ही सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के विपरीत भी है।एकल पीठ ने 19 जुलाई 2023 को खुले में मांस की बिक्री को रेगुलेट करने तथा स्लॉटर हाउस के संचालन पर नियम बनाने का आदेश दिया था।

18.4 किलो अवैध डोडा बरामद, दो गिरफ्तार

खूंटी । खूंटी पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुरहू थाना क्षेत्र के पेलोल पुल के पास से एक 18 चक्का ट्रेलर से 18.400 किलोग्राम अवैध पीसा हुआ डोडा बरामद किया है।मामले में ट्रेलर मालिक-सह-चालक और खलासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जामुदा के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।पुलिस टीम ने मंगलवार को पेलोल पुल के समीप खड़े पंजाब नंबर के ट्रेलर (पीबी 46एम 9811) की तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रेलर से 18.400 किलोग्राम अवैध पीसा हुआ डोडा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2.76 लाख रुपये बताई गई है।पुलिस ने इस मामले में पंजाब कपूरथला निवासी ट्रेलर मालिक-सह-चालक बूटा सिंह (46), और ओडिशा बड़बिल निवासी खलासी शिबो मुण्डा (45) को गिरफ्तार किया है।छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध डोडा के अलावा ट्रेलर और एक ओप्पो कंपनी का स्मार्टफोन भी जब्त किया है।इस संबंध में खूंटी एनडीपीएस थाना में कांड संख्या 13/26 दर्ज करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 15(बी) एवं 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

रामपुर गोलीकांड : तीन और आरोपितों ने अदालत में किया आत्मसमर्पण

पलामू। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए चर्चित गोलीकांड मामले में तीन और नामजद आरोपितों ने पलामू सिविल कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वालों में जयराम सिंह, बादल सिंह और चंदन सिंह शामिल हैं। पुलिस अब तीनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तैयारी कर रही है, ताकि घटना से जुड़े अन्य पहलुओं और फरार आरोपितों के संबंध में जानकारी जुटाई जा सके। पुलिस के अनुसार, इस मामले में लगातार की जा रही छापेमारी और गिरफ्तारी के दबाव के कारण आरोपितों ने अदालत की शरण ली। इससे पहले इस कांड के मुख्य आरोपित मंटू सिंह भी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर चुके हैं, जबकि दो अन्य आरोपितों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस तरह अब तक इस मामले में कुल छह आरोपित जेल जा चुके हैं। हालांकि, प्राथमिकी में नामजद 17 आरोपितों में से अभी भी 11 आरोपित फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है और अभियान जारी है।

कॉलेज के पास अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार

धनबाद। जिला प्रशासन के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को कतरास थाना क्षेत्र के मछली पट्टी स्थित जीएनएम कॉलेज के पास उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर दो लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया।सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में 18.6 लीटर महुआ शराब, 6.9 लीटर देशी शराब और 2.52 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग ने कतरास पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की। इस दौरान अवैध शराब बेचते हुए सुशील कुंडू और अनिल कुमार बर्नवाल को गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध शराब, नशीले पदार्थों और गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों के आसपास अवैध कारोबार करने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए आम लोगों से ऐसी गतिविधियों की सूचना प्रशासन को देने की अपील की।

भाजपा का जेपीएससी-जेएसएससी में धांधली के साथ अन्याय का आरोप , कांग्रेस से मांगा जवाब

भाजपा ने कांग्रेस कार्यालय का किया घेराव

संताल एक्सप्रेस

रांची। झारखंड भाजपा ने बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय का घेराव कर राज्य में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, जेपीएससी-जेएसएससी में कथित धांधली और युवाओं के साथ अन्याय का आरोप लगाते हुए कांग्रेस से जवाब मांगा। घेराव के दौरान आदित्य साहू ने कहा कि पिछले छह वर्षों से झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से सरकार चल रही है और इस अवधि में आयोजित लगभग हर बड़ी भर्ती परीक्षा विवादों में रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल, उत्पाद सिपाही भर्ती, शिक्षक नियुक्ति सहित कई परीक्षाओं में अनियमितता और प्रश्नपत्र लीक के आरोप लगे, लेकिन कांग्रेस और राहुल गांधी इस पूरे मामले पर मौन हैं। आदित्य साहू ने कहा कि लाखों युवाओं ने कड़ी मेहनत कर परीक्षाएं दीं, लेकिन बार-बार सामने आ रही गड़बड़ियों ने उनके भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने सवाल किया कि जब हर बार प्रश्नपत्र लीक और भर्ती अनियमितताओं के मामले सामने आते हैं तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है और कांग्रेस इस पर जवाब क्यों नहीं देती। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठी कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय धरना-प्रदर्शन की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली जिम्मेदारी युवाओं को न्याय दिलाना और पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करना है, लेकिन वह इस जिम्मेदारी को निभाने में विफल रही है। आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा झारखंड के युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है और जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक भर्ती घोटालों के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन जारी रखेगी और पारदर्शी, निष्पक्ष एवं भ्रष्टाचारमुक्त भर्ती व्यवस्था के लिए संघर्ष करती रहेगी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि पिछले छह वर्षों में कांग्रेस-समर्थित हेमंत सोरेन की सरकार ने जेपीएससी और जेएसएससी जैसी भर्ती परीक्षाओं को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक, भर्ती में अनियमितता और कथित घोटालों ने लाखों युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया है।मरांडी ने कहा कि भाजपा युवाओं के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ रही है और कांग्रेस कार्यालय का घेराव झारखंड के लाखों बेरोजगार युवाओं के आक्रोश का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब तक युवाओं को न्याय नहीं मिलेगा, भाजपा का आंदोलन जारी रहेगा। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि जेपीएससी मामले में चल रही सीआईडी जांच केवल दिखावा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए मरांडी ने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार व्यवस्था का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा, जो जितना बड़ा भ्रष्टाचारी, वह उतना बड़ा अधिकारी यही वर्तमान सरकार का कार्य करने का तरीका बन गया है।इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, रविन्द्र राय, मनोज सिंह, सीपी सिंह, अमरदीप यादव, दीपक बंका, सूरज चौरसिया, योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रतुल शाहदेव, सुबोध सिंह गुड्डू, रमाकांत महतो सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धनबाद में जीटी रोड पर तीन वाहनों की टक्कर में दो की मौत

संताल एक्सप्रेस

धनबाद। तोपचांची साहोबहियार में जीटी रोड पर ट्रक - ट्रेलर व कार की टक्कर में दो की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। घटना बुधवार सुबह की है। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। घटना के बाद सड़क पर वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कार सवार चार घायलों को इलाज के लिए भेजा। काफ़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे ड्राइवर और खलासी के शव को निकाला गया। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि साहोबहियार स्थित राजस्थानी ढाबा के पास तीन वाहनों की टक्कर में आयशर ट्रक के चालक और खलासी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कुछ देर तक हाईवे पर अफरा-तफरी और लंबा जाम लगा रहा। लोहे से लदा एक तेज रफ्तार ट्रेलर पहले एक अल्टो कार से टकरा गया। कार में चार लोग सवार थे, जिन्हें हल्की चोटें आई । इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहा एक आयशर ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रेलर से जा भिड़ा। टक्कर इतनी भीषण थी कि आयशर ट्रक का अगला हिस्सा ट्रेलर के भीतर तक घुस गया। हादसे में ट्रक चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में चालक को नींद की झपकी आने की आशंका जताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही तोपचांची थाना पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सामान्य कराया गया।फिलहाल पुलिस दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में चालक को नींद आने की आशंका जताई जा रही है।

वाहन मालिक को तीन लाख रुपये मुआवजा देने का उच्च न्यायालय का आदेश

रांची । झारखंड उच्च न्यायालय ने अशोक सिंह के मामले में फैसला सुनाते हुए सरकार को आदेश दिया कि वह याचिकाकर्ता को उसका ट्रक (हाइवा) दो सप्ताह के भीतर लौटाए और तीन लाख रुपये मुआवजे का भुगतान भी करे। यदि याचिकाकर्ता या हस्तक्षेपकर्ता अतिरिक्त मुआवजा चाहते हैं तो वे सक्षम न्यायालय में स्वतंत्र रूप से दावा कर सकते हैं। अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी।उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने कहा कि किसी जब्त वाहन की नीलामी, उसके विरुद्ध अपील या पुनरीक्षण (रिवीजन) दायर करने की वैधानिक अवधि समाप्त होने से पहले नहीं की जा सकती। ऐसा करना कानून और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है।दरअसल, याचिकाकर्ता अशोक सिंह का ट्रक दिसंबर 2021 में बालूमाथ पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन के आरोप में जब्त किया था। इसके बाद उपायुक्त, लातेहार ने 25 फरवरी 2023 को वाहन जब्त (कन्फिस्केट) करने का आदेश दिया और नीलामी का निर्देश दिया। हालांकि, वाहन को 8 मार्च 2023 को ही नीलाम कर दिया गया, जबकि नियमों के अनुसार याचिकाकर्ता के पास आदेश के विरुद्ध 60 दिनों के भीतर पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने का अधिकार था।याचिकाकर्ता ने 22 मार्च 2023 को समय सीमा के भीतर पुनरीक्षण दायर किया, जिसे बाद में खान आयुक्त ने स्वीकार करते हुए वाहन छोड़ने का आदेश दिया। लेकिन तब तक वाहन की नीलामी हो चुकी थी और उसे तीसरे पक्ष को सौंप दिया गया था। खंडपीठ ने कहा कि वाहन की नीलामी वैधानिक पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने से पहले करना पूरी तरह अवैध था। नीलामी से पहले वाहन मालिक को व्यक्तिगत नोटिस भी नहीं दिया गया, जिससे उसे गंभीर नुकसान हुआ।केवल अखबार में नीलामी सूचना प्रकाशित कर देना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। संपत्ति का अधिकार संवैधानिक अधिकार है और किसी व्यक्ति को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन किए बिना उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि अधिकारियों ने बिना किसी उचित कारण के अत्यधिक जल्दबाजी में वाहन की नीलामी कर गंभीर कानूनी त्रुटि की।

युवा कांग्रेस ने चास में मशाल जुलूस निकाल केंद्र सरकार के विरोध की नारेबाजी

बोकारो। दिल्ली के जंतर मंतर में प्रदर्शनकारी छात्रों और युवाओं के आंदोलन के समर्थन में कांग्रेस युवा मोर्चा ने बुधवार को चास नगर निगम वार्ड पांच स्थित जमगोड़िया से तलगड़िया मोड़ तक मशाल जुलूस निकाला।मशाल जुलूस का नेतृत्व बोकारो विधानसभा के अध्यक्ष जावेद इकबाल व युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अक्षय पांडेय ने किया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ तानाशाही नहीं चलेगी,युवा विरोधी नीतियां वापस लो जैसे नारे लगाए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव अभिजीत राज ने कहा कि दिल्ली जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट कर रहे युवा छात्रों के साथ हुई अभद्रता, लाठी चार्ज केंद्र सरकार की नाकामी को दर्शाता है।कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की आवाज को दबाने का काम कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष राय,बोकारो जिला अध्यक्ष जवाहर लाल महथा,धर्मवीर रावत, सौरव शर्मा,भरत कुमार,लोकेश कुमार,मुस्लिम अंसारी, नेहा सिंह,पूनम यादव, समिता सिंह,मीरा सिंह,नीतेश भारद्वाज, रितेश कुमार,विपिन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

जंगली हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर प्रखंड की तोन्ड़ागहातु पंचायत के बुड़ाकमान गांव में जंगली हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक की पहचान चंद्र मोहन सिंकु के रूप में हुई है।स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार देर रात करीब 12¬30 बजे गांव में जंगली हाथी के प्रवेश की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान चंद्र मोहन सिंकु हाथी की गतिविधि देखने के लिए घर से बाहर निकले। कुछ ही दूरी पर उनका सामना एक दंतैल हाथी से हो गया। हाथी ने अचानक उन पर हमला कर दिया और पैरों से कुचल दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य मानसिंह तिरिया मौके पर पहुंचे।

अपनी नाकामियों को छिपाने का राष्ट्रीय ड्रामा कर रही है भाजपा : कांग्रेस

रांची। भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में कांग्रेस कार्यालयों के घेराव को प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा के विफलताओं, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों से देश का ध्यान भटकाने का सुनियोजित राजनीतिक प्रपंच बताया है। यह बातें कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही।उन्होंने कहा कि भाजपा पिछले 12 वर्षों से केंद्र की सत्ता में बैठकर महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, किसानों की बदहाली, उद्योगों की बिक्री और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग का रिकॉर्ड बना चुकी है। वही आज कांग्रेस कार्यालयों का घेराव कर अपनी राजनीतिक हताशा का प्रदर्शन कर रही है। जनता के सवालों का जवाब देने का साहस भाजपा के पास नहीं बचा है, इसलिए विपक्ष को डराने का असफल प्रयास किया जा रहा है।सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा के घेराव कार्यक्रम का मुकम्मल जवाब दिया। कांग्रेस कार्यालय के समक्ष कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता पानी में भींग कर डटे रहे और छात्रों की हत्यारी सरकार शर्म करो और धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाए।इस मौके पर सुनील सहाय, राकेश सिन्हा, लाल किशोर नाथ सहदेव, एम तोसिफ, सोनल शांति, सुरेंद्र सिंह, आभा सिन्हा, राजन बर्मा, विजय शंकर नायक, राजेश सिन्हा सनी, अख्तर अली, मुन्नम संजय, प्रो उदयप्रकाश, शाहबाज अहमद, अमरिंदर सिंह, दीपक ओझा सहित सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद थे।

श्री श्री विश्वविद्यालय में शुरू होगा पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा काइरोप्रैक्टिक साइंस पाठ्यक्रम

रांची / कटक। मानव शरीर में स्वयं को स्वस्थ करने की जन्मजात क्षमता होती है, अंतरराष्ट्रीय काइरोप्रैक्टर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष तथा विश्वविख्यात काइरोप्रैक्टिक विशेषज्ञ दिवंगत डॉ. सिडनी ई. विलियम्स के उस प्रेरणादायी दर्शन से प्रेरित होकर 'काइरोप्रैक्टिक इंडिया' भारत में स्वास्थ्य शिक्षा और काइरोप्रैक्टिक पेशे के क्षेत्र में एक नए युग का सूत्रपात करने जा रहा है। काइरोप्रैक्टिक इंडिया ओड़िशा के कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय के सहयोग से देश का पहला पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन काइरोप्रैक्टिक साइंस प्रारंभ करेगा। यह भारत का पहला महाविद्यालय-स्तरीय शैक्षणिक कार्यक्रम होगा, जो काइरोप्रैक्टिक विज्ञान के अध्ययन, प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुप्रयोग के लिए समर्पित है।

चाईबासा में चलती हाइवा का चक्का निकलकर किसान से टकराया, मौत

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के कुईडा गांव में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय किसान गुरुचरण चातोम्बा की मौत हो गई। चलती हाइवा का चक्का अचानक निकलकर उनसे जा टकराया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार,बुधवार सुबह करीब पांच बजे गुरुचरण चातोम्बा रोज की तरह शौच कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जब वे कुईडा फुटबॉल मैदान के समीप पहुंचे, तभी वहां से गुजर रही एक हाइवा का एक चक्का अचानक निकल गया। तेज गति से लुढ़कता हुआ चक्का सीधे गुरुचरण चातोम्बा से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही हाटगम्हरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस ने शव को को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, चाईबासा भेज दिया।उसी चक्के की चपेट में आने से गुरुचरण चातोम्बा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

मंत्री इरफान ने रिम्स में आधुनिक स्वास्थ्य-डिजिटल सुविधाओं का किया लोकार्पण

रांची। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स में बुधवार को आधुनिक स्वास्थ्य एवं डिजिटल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया। रिम्स में 15 नव-नियुक्त एसोसिएट प्रोफेसरों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। इसके साथ ही डिजिटल मैमोग्राफी यूनिट, सेंट्रल लैब, बीएसएनएल प्रबंधित हाई-स्पीड वाई-फाई, सीसीटीवी कमांड एंड कंट्रोल रूम, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी ऑपरेशन थिएटर एवं वार्ड कॉम्प्लेक्स, सी-डैक ऑनलाइन भुगतान पोर्टल तथा स्कैन एंड पे सुविधा का शुभारंभ किया।इस अवसर पर इरफान अंसारी ने कहा कि रिम्स को देश के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा संस्थानों में शामिल करना उनका संकल्प है। जल्द ही 94 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा, जिससे चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था और आधुनिक संसाधनों से मरीजों को तेज, गुणवत्तापूर्ण और बेहतर उपचार मिलेगा।मंत्री ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रिम्स-2 परियोजना है। और इसे एशिया के सबसे बड़े एवं आधुनिक अस्पताल के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। उनका कहना था कि उद्देश्य केवल नया भवन बनाना नहीं, बल्कि झारखंडवासियों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। रिम्स निदेशक प्रो. (डॉ.) डी.के. सिन्हा ने कहा कि नई नियुक्तियां और आधुनिक सुविधाएं संस्थान के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। कार्यक्रम में कई अधिकारी पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

धनबाद में गोफ बनने से हड़कंप डीसी रेलखंड पर बढ़ी सुरक्षा चिंता

धनबाद । धनबाद-चंद्रपुरा रेलखंड पर एक बार फिर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। सोनारडीह रेल केबिन के समीप रेल ट्रैक से महज चार मीटर की दूरी पर अचानक जमीन धंसने से गोफ बन गया। बुधवार को ट्रैक पर गश्त कर रहे ट्रैकमैन की सतर्कता से समय रहते इसकी जानकारी अधिकारियों को मिली। इसके बाद रेलवे और बीसीसीएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्काल भराई का कार्य कराया।सोनारडीह रेल केबिन के पास ड्यूटी पर तैनात ट्रैकमैन ने ट्रैक निरीक्षण के दौरान जमीन धंसने से बने गोफ को देखा। संभावित खतरे को भांपते हुए उसने तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेलवे विभाग और बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र के अधिकारी मौके पर पहुंचे ।अधिकारियों ने बिना देर किए गोफ की भराई कराई ताकि रेल परिचालन पर किसी तरह का खतरा न बने। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि मिट्टी कटाव और क्षेत्र में कोयला खनन की गतिविधियां इस घटना की वजह हो सकती हैं। हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।उल्लेखनीय है कि इसी डीसी रेलखंड के नीचे भूमिगत आग की आशंका को देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर 15 जून 2017 से इस रेलमार्ग को बंद कर दिया गया था। उस समय 26 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ था। लगभग दो वर्षों तक चले जन आंदोलन के बाद इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन दोबारा शुरू किया गया था।

बोकारो सेल के अधिकारियों के लिए आईआईटी ने शुरू किया विकास कार्यक्रम

धनबाद। आईआईटी आईएसएम धनबाद के मैनेजमेंट स्टडीज एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, बोकारो स्टील प्लांट के वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम बुधवार को बोकारो स्टील प्लांट में शुरू हुआ।डेटा एनालिटिक्स फॉर प्रोजेक्ट एंड फाइनेंशियल मैनेजमेंट विद एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में 30 अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन अनीमा कुशवाहा, मुख्य महाप्रबंधक , बोकारो स्टील प्लांट ने किया। प्रशिक्षण 22 से 24 जुलाई तक चलेगा। सेल, बोकारो द्वारा इसे प्रायोजित किया जा रहा है।तीन दिनों में कुल 12 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्टील उद्योग में स्ट्रेटेजिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर का उपयोग, रिस्क एनालिसिस एवं सिमुलेशन मॉडलिंग, फाइनेंशियल स्टेटमेंट एनालिसिस पर चर्चा होगी। कैपिटल बजटिंग, सोशल कॉस्ट बेनिफिट एनालिसिस, डेटा एनालिटिक्स, कॉस्ट इश्यूज, सोर्सेज ऑफ फाइनेंस तथा बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स में आधुनिक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के उपयोग जैसे विषयों पर विशेषज्ञ अपनी राय रखेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन प्रो. जे. के. पटनायक, एमेरिटस प्रोफेसर, आईआईटी धनबाद ने स्टील इंडस्ट्री में स्ट्रेटेजिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट तथा स्टील प्रोजेक्ट्स में कॉस्ट इश्यूज और सोर्सेज ऑफ फाइनेंस विषयों पर व्याख्यान दिया। इसके बाद प्रो. संदीप मंडल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, डीएमएसआईई ने इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर के उपयोग पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया।

अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष धनबाद पहुंचे



धनबाद। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सह राज्य मंत्री ज्योति सिंह मथारू बुधवार को धनबाद पहुंचे। सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक की।अल्पसंख्यकों से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा की। बैठक से पहले उन्होंने कई पीड़ित परिवारों से उनके घर जाकर मुलाकात की और अब तक हुई जांच व कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने जनसुनवाई भी की। जनसुनवाई में फुसबंगला तेजाब कांड, गुरु नानक कॉलेज, खालसा स्कूल, जिम्स अस्पताल में मरीज की मौत, शिक्षक नियुक्ति व पदोन्नति समेत कई मामले उठे। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

धनबाद के विकास की मांग के लिए महाधरना

धनबाद। धनबाद के समग्र विकास की मांग को लेकर बुधवार को रणधीर वर्मा चौक पर महाधरना का आयोजन किया गया। इसके लिए धनबाद विकास मंच का गठन किया गया है। इसमें विभिन्न दलों के नेता तथा संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल है। महा धरना स्थल पर सभा भी हुई। वक्ताओं ने धनबाद के विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई। सभी ने एकजुट होकर विकास के रास्ते में आर रही बाधाओं से निबटने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन से सहयोग व जनता से विश्वास हासिल करने की बात कही।अरूप चटर्जी ने कहा कि धनबाद विकास के मामले में पिछड़ गया है। यहां सबकुछ है लेकिन धनबाद की उपेक्षा हो रही है। मेयर संजीव सिंह ने कहा कि धनबाद विकास मंच की पहल सराहनीय है। धनबाद को विकसित करने के लिए यह के अधिकारियों व संस्थाओं को भी साथ लेकर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डीसी, बीसीसीएल सीएमडी, आईआईटी आईएसएम, डीजीएमएस, रेलवे के प्रमुख अधिकारियों की भी राय ली जानी चाहिए। जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने कहा कि धनबाद उम्मीदों की कब्रगाह वाला शहर बन गया है। पहले देश में कोयला ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत था, अब स्थिति बदल गई है।

पारदर्शिता के साथ लागू हों पशुपालन और मत्स्य योजनाएं, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डीसी

जामताड़ा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पशुपालन, गव्य विकास एवं मत्स्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, वार्षिक लक्ष्य, लाभुक चयन प्रक्रिया एवं क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र एवं योग्य लाभुकों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे। उन्होंने विभागवार प्राप्त लक्ष्यों को प्रखंड स्तर पर पंचायतों एवं जनसंख्या के आधार पर समान रूप से वितरित करने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लाभान्वित हो सकें। बैठक में सुकर विकास, बकरा विकास, कुक्कुट पालन, ब्रायलर पालन, दुधारू गाय योजना, डीप बोरिंग, वर्मी कंपोस्ट, पशु बीमा, चाफ कटर, पनीर एवं खोवा यूनिट जैसी योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही मत्स्य विभाग की आवास योजना, मत्स्य बीज उत्पादन, तालाब बंदोबस्ती, विपणन योजना तथा सरकारी तालाबों के जीर्णोद्धार की प्रगति पर भी चर्चा हुई।उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने मत्स्य विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया।

सहकारिता से किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

जामताड़ा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में सिदो कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) के निदेशक परिषद एवं जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सहकारिता विभाग की योजनाओं और ज्वाइंट वर्किंग कमेटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने सदस्यता अभियान तेज करने, सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने तथा किसानों को योजनाओं से अधिक से अधिक जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने जिले में काजू उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुए काजू प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की दिशा में कार्यवाही तेज करने का निर्देश दिया, ताकि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके।बैठक में लैंपसों के कंप्यूटरीकरण, पीएम किसान समृद्धि योजना, गोदाम एवं सौर ऊर्जा संचालित मिनी कोल्ड रूम निर्माण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल कुमार, उप विकास आयुक्त असीम किस्पोट्टा, जिला सहकारिता पदाधिकारी सुजीत कुमार सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बीएलओ-बीएलए बैठक में सत्यापन और डिजिटाइजेशन पर जोर

जामताड़ा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आलोक कुमार के निर्देशन में मंगलवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत बीएलओ, बीएलए-2 एवं चुनाव पाठशाला की तीसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक में एएसडीडीएफ सूची का सत्यापन, शेष गणना प्रपत्रों के शीघ्र संग्रहण तथा डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने पर विशेष बल दिया गया।बैठक में डुप्लीकेट, मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित तथा हस्ताक्षर से इनकार करने वाले मतदाताओं से संबंधित प्रविष्टियों की जांच की गई। साथ ही पात्र नए मतदाताओं से फॉर्म-6 प्राप्त करने एवं प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा पर भी चर्चा हुई।इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। वहीं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता पूनम कच्छप ने नाला एवं फतेहपुर प्रखंड के चार बीएलओ को एसआईआर कार्य समय पर पूरा करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा अन्य बीएलओ को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया।

सड़क के खिलाफ फूटा जनआक्रोश, मरम्मत की मांग को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

चित्तरंजन/सलानपुर। रूपनारायणपुर से चित्तरंजन गेट नंबर-3 तक जाने वाली मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को चित्तरंजन रेलवे मेन्स कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने सालानपुर के बीडीओ देबांजन विश्वास को ज्ञापन सौंपकर सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की।करीब पांच किलोमीटर लंबी इस सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन जाने से आवागमन बेहद जोखिम भरा हो गया है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है। सड़क की जर्जर हालत से वाहन चालकों, पैदल यात्रियों, स्कूली बच्चों और मरीजों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।

मतदाता पुनरीक्षण कार्य पूरा करने पर दो बीएलओ सम्मानित

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले नाला प्रखंड के दो बीएलओ को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। निर्धारित समय से पहले शत-प्रतिशत एन्यूमरेशन कार्य पूरा करने पर अपर समाहर्ता पूनम कश्यप तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने दोनों बीएलओ को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।सम्मानित होने वालों में मतदान केंद्र संख्या-226, प्राथमिक विद्यालय घोड़ादहा की बीएलओ ममता मुर्मू तथा मतदान केंद्र संख्या-203, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चिहुंटिया की बीएलओ अनीता महतो शामिल हैं।बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने बताया कि दोनों बीएलओ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के गणना चरण में एन्यूमरेशन फॉर्म का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन तथा एएसडीडी कार्य निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर लिया। उन्होंने कहा कि दोनों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से किया है।उन्होंने कहा कि ऐसे कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित बीएलओ को सम्मानित करने का उद्देश्य अन्य कर्मियों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करना है। साथ ही सभी बीएलओ एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े कर्मियों के योगदान की भी सराहना की गई।इस अवसर पर निर्वाचन कार्यालय के राजेंद्र बेसरा, सुपरवाइजर श्रवण मरांडी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

बैंक, एटीएम, ज्वेलरी शॉप और पेट्रोल पंपों का निरीक्षण

मेहरमा। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलबड्डा थाना प्रभारी ने बुधवार को बलबड्डा थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र के विभिन्न बैंक, एटीएम, ज्वेलरी शॉप, पेट्रोल पंप तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान बैंक शाखाओं और प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा उपकरणों एवं अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। थाना प्रभारी ने बैंक प्रबंधकों, ज्वेलरी शॉप संचालकों, पेट्रोल पंप संचालकों और प्रतिष्ठान मालिकों से सुरक्षा संबंधी तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने सभी संचालकों से सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने, सीसीटीवी कैमरों को हमेशा चालू एवं कार्यशील रखने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

जामताड़ा में जेएलकेएम का छात्र हितों और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले बुधवार को जामताड़ा के इंदिरा चौक पर जिलाध्यक्ष राजाराम उर्फ मनतोष कुमार महतो के नेतृत्व में छात्र हितों, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक अधिकारों के समर्थन में केंद्र सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शिक्षा व्यवस्था और भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजाराम उर्फ मनतोष कुमार महतो ने कहा कि देशभर के लाखों छात्र-युवा निष्पक्ष परीक्षा और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप था कि नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं ने युवाओं का विश्वास कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि योग्य अभ्यर्थियों को निष्पक्ष अवसर मिले और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने सोनम वांगचुक के आंदोलन के दौरान दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुई पुलिस कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान किया जाना चाहिए। जेएलकेएम नेताओं ने कहा कि झारखंड में भी पार्टी लंबे समय से छ्क्क्ष्ट भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाती रही है। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को डुमरी विधायक सह छ्य्यरूके केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर नीट भर्ती प्रक्रिया की किसी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराने की मांग की थी। नेताओं ने कहा कि युवाओं का भविष्य किसी भी प्रकार की अनियमितता की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए, भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा युवाओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि छात्रों और युवाओं की मांगों की लगातार अनदेखी की गई तो जेएलकेएम लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहकर अपना आंदोलन आगे भी जारी रखेगा। प्रदर्शन के दौरान ÷पेपर लीक बंद करो, शिक्षा में भ्रष्टाचार बंद करो, छात्र एकता जिंदाबाद, छात्रों पर लाठीचार्ज बंद करो सहित विभिन्न नारे लगाए गए। इस अवसर पर जिला महासचिव बृजेश राउत, रिजाउल अंसारी, सचिव अशोक घोष, वरीय उपाध्यक्ष बबलू महतो, सचिव नजरुल अंसारी, नारायणपुर के पूर्व प्रखंड सचिव जाकिर अंसारी, अर्जुन मंडल, जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश महतो, अजय राउत, आरजू खान, राजकिशोर महतो, उज्जल कुमार, मंजय कुमार, रितेश पॉल, प्रेम कुमार, समीर हसन खान, भगीरथ राणा, छोटे कुमार, देवनारायण राय, अजय कुमार, तपन कुमार, राजू यादव, विशाल मिर्धा ,कृष्णा कुमार ,बिजय मण्डल सहित बड़ी संख्या में छात्र, युवा, पार्टी कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

जामताड़ा अस्पताल विवाद में हिंसा नहीं संवाद से सुलझे विवाद : फुरकान अंसारी

जामताड़ा। सदर अस्पताल में प्रसूता की मौत के बाद उपजे विवाद को लेकर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने बुधवार को अपने जामताड़ा स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता कर भाजपा पर राजनीतिक माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि घटना के बाद पीड़ित परिवार से मुलाकात में उन्हें बताया गया कि परिवार को अस्पताल या चिकित्सकों से कोई शिकायत नहीं है और वे किसी राजनीतिक विवाद का हिस्सा नहीं बनना चाहते।फुरकान अंसारी ने कहा कि कम उम्र में विवाह और बार-बार गर्भधारण मां और नवजात दोनों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है। उन्होंने समाज से बाल विवाह और मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की अपील की।पूर्व सांसद ने अस्पताल परिसर में हुई तोड़फोड़, मरीजों को हुई असुविधा तथा चिकित्सकों, विशेषकर महिला डॉक्टर के साथ कथित अभद्रता की निंदा करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर हिंसक प्रदर्शन उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले में दर्ज प्राथमिकी के बावजूद वे डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन से बातचीत कर आपसी सहमति से समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

कुंडहित में सोलर ट्राली पंप वितरण

कुंडहित (जामताड़ा) । कुंडहित प्रखंड परिसर में वुधवार को किसान समृद्धि योजना के तहत 14 किसानों के बीच 90 प्रतिशत सब्सिडी पर सोलर ट्राली पंप वितरण किया गया। इस दौरान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अपिश्वर हेम्बरम, विधायक प्रतिनिधि शरम मंडल, पूर्व जिप सदस्य भजहरी मंडल, मुखिया बिमला हांसदा, बीटीएम सुजीत सिंह, एटीएम अमीर हेम्बरम,बीईओ मनोरंजन मिर्धा के उपस्थित में 14 किसानों के बीच वितरण किया गया। सोलर पंप सेट मिलने पर सभी किसान खुशी जाहिर की। इस दौरान पूर्व जिप सदस्य भजहरी मंडल ने बताया इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को सिंचाई के लिए बिजली और डीज़ल जनरेटर पर निर्भरता से मुक्त मिला, ताकि खेती की लागत में कमी आए और फसल उत्पादन में बढ़ोतरी हो सकेगा । बीटीएम सुजीत सिंह ने बताया इस योजना के अंतर्गत लगभग 1 लाख 72 हजार रुपये की कीमत वाला सोलर ट्राली पंप किसानों को मात्र करीब 17 ,284 हजार रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है । यह पंप पूरी तरह सोलर ऊर्जा से संचालित होता है।

डीएवी की पूर्व छात्रा प्रिया ने पाई नीट में सफलता

जामताड़ा । सावित्री देवी डीएवी पब्लिक स्कूल जामताड़ा की पूर्व छात्रा सुश्री प्रिया कुमारी ने नीट-2026 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय परिवार, अपने माता-पिता और जामताड़ा जिला का नाम रोशन किया है। उसने 575 अंक के साथ 20,000वाँ रैंक प्राप्त किया है। डॉ राजदेव कुमार की सुपुत्री प्रिया पढ़ाई में शुरू से ही होशियार रही है।प्राचार्य डॉ विजय कुमार ने उसे पुरस्कार, बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी मेहनती होते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। ऐसे होनहार विद्यार्थी अपनी छाप छोड़ जाते हैं। प्रिया की सफलता अनेक विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत का काम करेगी। डीएवी विद्यालय को इस पर नाज़ है। हम इसके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हैं।

समय से पहले मतदाता पुनरीक्षण कार्य पूरा करने पर दो बीएलओ सम्मानित



फतेहपुर (जामताड़ा)। बुधवार को फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बीएलओ को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। निर्धारित समय से पहले शत-प्रतिशत एन्यूमरेशन कार्य पूरा करने पर अपर समाहर्ता पूनम कश्यप तथा बीडीओ प्रेम कुमार दास के द्वारा दोनों बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मतदान केंद्र संख्या- 37, बीएलओ बबीता टुडू तथा मतदान केंद्र संख्या- 59, बीएलओ चंपा देवी शामिल हैं। बीडीओ प्रेम कुमार दास ने बताया कि दोनों बीएलओ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के गणना चरण में एन्यूमरेशन फॉर्म का सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन तथा एएसडीडी कार्य निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर लिया। उन्होंने कहा कि दोनों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित बीएलओ को सम्मानित करने का उद्देश्य अन्य कर्मियों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करना है। साथ ही सभी बीएलओ एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े कर्मियों के योगदान की भी सराहना की गई।

छात्रों के समर्थन में विरोध सभा, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और निष्पक्ष जांच की उठी मांग

चित्तरंजन। दिल्ली में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के साथ अनशनरत छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में मंगलवार देर शाम चित्तरंजन के आमलादही बाजार स्थित तालतला में चित्तरंजन समन्वय समिति की ओर से विरोध सभा आयोजित की गई। सभा में विभिन्न सामाजिक संगठनों, ट्रेड यूनियनों, छात्रों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर छात्र आंदोलन के प्रति एकजुटता जताई।कार्यक्रम की शुरुआत मयुख रंजन दत्ता की कविता पाठ से हुई। इसके बाद रूपशा गुहा, अचिन्त्य सुपाकार, राजीब गुप्ता, प्रसून रॉय, अबीर घोष और आर. एस. चौहान ने शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, प्रश्नपत्र लीक, भर्ती घोटालों और छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

विश्व आदिवासी दिवस पर पात्र लाभुकों को मिलेगा वन पट्टा

जामताड़ा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर मंगलवार को आईटीडीए कार्यालय में परियोजना निदेशक जुगनू मिंज की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन पट्टा वितरण की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में लंबित वन पट्टा आवेदनों का शीघ्र निष्पादन, नए दावों के सत्यापन तथा पात्र लाभुकों को समय पर वन अधिकार उपलब्ध कराने की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। परियोजना निदेशक ने सभी अंचलों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का नियमानुसार निपटारा कर एक सप्ताह के भीतर स्वीकृत प्रस्ताव अनुमंडल पदाधिकारी को भेजे जाएं। साथ ही ग्राम सभाओं का आयोजन कर सामुदायिक वन पट्टा प्रस्तावों की अनुशंसा भी समयबद्ध तरीके से पूरी करने को कहा गया।

दो दिवसीय बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान प्रशिक्षण संपन्न

गोड्डा। अदाणी फाउंडेशन के उत्थान कार्यक्रम के तहत 21 एवं 22 जुलाई 2026 को अदाणी साइट ऑफिस, गोड्डा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य उत्थान कार्यक्रम से जुड़े सहायकों की शैक्षणिक क्षमता को सुदृढ़ करना तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षण को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण विशेषज्ञ रीतेश रंजन एवं मुरारी प्रसाद शर्मा ने 18 उत्थान सहायकों को गतिविधि-आधारित शिक्षण, भाषा एवं गणित की प्रभावी शिक्षण तकनीकों, बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक एवं सहभागी बनाने के उपाय तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप एफएलएन के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों एवं नवाचारी शिक्षण विधियों का अभ्यास भी कराया गया, ताकि वे विद्यालयों में बच्चों की पढ़ने, लिखने एवं गणना संबंधी बुनियादी दक्षताओं का बेहतर विकास कर सकें। समापन सत्र में सभी उत्थान सहायकों ने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का विद्यालयों में प्रभावी उपयोग करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान के निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने का संकल्प लिया।

बसंतराय में सड़क कीचड़ में तब्दील

बसंतराय। प्रखंड क्षेत्र के बेलडीहा पंचायत के मुख्य गांव की सड़क इन दिनों बदहाली की मिसाल बनी हुई है। हल्की सी बारिश होते ही पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे ग्रामीणों का घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाता है। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है की वर्षों से सड़क की मरम्मती नहीं होने के कारण यह पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बरसात के दिनों में सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को होती है। कीचड़ भरी सड़क पर पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। कई बार लोग फिसलकर गिर चुके हैं और दोपहिया वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। गांव से बाजार, अस्पताल, स्कूल तथा प्रखंड मुख्यालय जाने वाले लोगों को हर दिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया की जर्जर सड़क की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि अपने ही गांव में सफर करना किसी सजा से कम नहीं लगता है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, जलजमाव और कीचड़ के कारण वाहनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और विकराल रूप धारण कर लेती है। स्थानीय लोगों का कहना है की इस सड़क की मोरम्मती और निर्माण की मांग कई बार जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।

सरकारी स्कूलों में हर महीने दो दिन तिथि भोजन सह जन्मोत्सव कार्यक्रम सुनिश्चित करें: डीसी

गोड्डा । पीएम पोषण योजना के तहत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में प्रत्येक माह 10 और 25 तारीख को स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में तिथि भोजन सह जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी प्रखंडों में स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग समिति की नियमित बैठक आयोजित करने तथा उसकी रिपोर्ट जिला स्तर पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सभी सरकारी विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने पर भी जोर दिया गया। विशेष रूप से सुंदरपहाड़ी और बोआरीजोर प्रखंड में ब्रेन मलेरिया एवं एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों की जांच के लिए आरबीएसके चिकित्सकों के साथ समन्वय स्थापित कर घर-घर सर्वेक्षण एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत, नगर परिषद अध्यक्ष सुशील रमानी, महागामा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रबोध सोरेन, सिविल सर्जन डॉ. एस.सी. शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (पीएम पोषण) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी - एसपी ने की बैठक

गोड्डा । आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा झंडोत्तोलन कार्यक्रम, मुख्य समारोह स्थल पर मंच का निर्माण, मुख्य समारोह स्थल के मंच पर बैठने की व्यवस्था, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण , मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड का प्रकाशन एवं वितरण, प्रभात फेरी ,परेड का आयोजन, राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास, स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद जवान के आश्रितों को सम्मानित, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित, मुख्य समारोह स्थल पर अग्निशमन की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर विधि-व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था/ विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को इसकी तैयारी करने को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए गए।

10 अगस्त से होगा परेड का पूर्वाभ्यास

बैठक में निर्णय लिया गया है कि आगामी 10 अगस्त पूर्वाह्न 07ः00 बजे से परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर आरंभ किए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर सर्जेंट मेजर से विचार-विमर्श की गई । उक्त बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि राष्ट्रीय पर्व का आयोजन भव्य, गरिमामय, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके। बैठक के दौरान आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा विधि व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आगामी 15 अगस्त को लेकर परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर होगा।मौके पर बैठक में उप विकास आयुक्त विस्पुते श्री कांत यशवंत, नगर परिषद अध्यक्ष सुशील रमानी, नगर परिषद उपाध्यक्ष पूजा तिवारी, अपर समाहर्ता समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, समाज कल्याण पदाधिकारी, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद अग्रवाल, पवन कुमार सिंह, जिला कला - संस्कृति संयोजक सुरजीत झा, राष्ट्रीय नेटबॉल खिलाड़ी मोनालिसा कुमारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

ग्रामीणों को मिली आपदा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा की जानकारी

गोड्डा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला जज रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर पथरगामा प्रखंड के चिलकारा गोविंद पंचायत भवन में जनसंपर्क एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा की टीम में शामिल एलएडीसी राहुल कुमार, अधिकार मित्र रामलिवास महतो, बासुदेव मणीनंदन कुमार, गायत्री कुमारी ने ग्रामीणों को कानूनी सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से आपदा पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं से संबंधित जानकारी दी गई। डालसा टीम ने कहा कि प्राधिकरण न्याय सबके लिए के सिद्धांत पर काम करती है। नालसा ने आपदा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना, 2010 तैयार की है। इसके तहत कोई प्राकृतिक आपदा या मानव निर्मित आपदा आती है, तो प्राधिकरण की ओर से तत्काल राहत और सहायता की जाती है। आपदा में अक्सर लोगों के आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक या संपत्ति के कागज खो जाते हैं। डालसा इन दस्तावेजों को दोबारा बनवाने में मदद करता है। सरकार द्वारा घोषित अनुग्रह राशि और मुआवजे को प्राप्त करने के लिए आवेदन भरने और प्रक्रिया को पूरा करने में सहायता करती है।यदि किसी आपदा पीड़ित का कोई मामला कोर्ट में है या आपदा के कारण कोई कानूनी विवाद उत्पन्न होता है , प्रदान किया जाता है।बीमा कंपनियों, बैंकों या सरकारी विभागों के साथ होने वाले विवादों को कोर्ट के बाहर लोक अदालत या मध्यस्थता के माध्यम से जल्दी सुलझाने का प्रयास किया जाता है। आपदा की स्थिति में प्राधिकरण विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे को आपदा के दौरान तस्करी या शोषण से बचाती है। अनाथ बच्चे की पहचान करती है। जिन्होंने माता-पिता खो दिए हैं और उनका संरक्षण सुनिश्चित करने, बुजुर्ग और दिव्यांग को राहत शिविरों में प्राथमिकता दिलाती है। इसके अलावा हेल्पलाइन, आनलाइन पोर्टल व अधिकार मित्रों के माध्यम से सहायता प्रदान करती है। मौके पर पंचायत सचिव दिनेश पासवान, मुखिया प्रकाश दास आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

पीरपैंती रेल परियोजना के तहत लगा शिविर



गोड्डा । महागामा से पीरपैंती नई ब्रॉडगेज (बीजी) रेल लाइन परियोजना के लिए मुआवजा भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से जिला भू-अर्जन शाखा, गोड्डा की ओर से विशेष भुगतान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 8 गांवों के करीब 550 रैयतों को आमंत्रित किया गया, जिनमें से लगभग 300 रैयतों ने भुगतान के लिए आवश्यक इंडेम्निटी बॉन्ड जमा किया। जिला प्रशासन ने बताया कि इन लाभुकों के मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया अब शीघ्र पूरी की जाएगी।शिविर के दौरान जिन रैयतों को निर्धारित मुआवजा (अवार्ड) पर आपत्ति थी, उनसे भी नियमानुसार आवेदन प्राप्त किए गए। अधिकारियों ने बताया कि सभी आपत्तियों का विधिसम्मत परीक्षण कर नियमों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रैयतों को भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया।जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि मेहरमा अंचल के रैयतों के लिए 22-23 जुलाई तथा 28-29 जुलाई को मेहरमा अंचल कार्यालय में विशेष भुगतान शिविर आयोजित होगा। उन्होंने संबंधित रैयतों से निर्धारित तिथि पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की, ताकि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी हो सके और महागामा-पीरपैंती रेल परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके।

शिक्षा व्यवस्था पर संकट

किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी उसके प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि उसकी युवा पीढ़ी होती है। यही युवा देश के भविष्य की नींव रखते हैं। यदि उनके सपनों, परिश्रम और भविष्य के साथ खिलवाड़ होने लगे तो यह केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय बन जाता है। पिछले कुछ समय से देश में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं ने करोड़ों विद्यार्थियों के विश्वास को गहरी ठेस पहुंचाई है। आज लाखों छात्र यह प्रश्न पूछ रहे हैं कि यदि उनकी मेहनत का मूल्य ही सुरक्षित नहीं है, तो उनके वर्षों के संघर्ष का क्या अर्थ रह जाता है? सरकार जब किसी परीक्षा के सफल आयोजन, नई शिक्षा नीति या शिक्षा क्षेत्र में सुधार का श्रेय लेने में पीछे नहीं रहती, तब परीक्षा प्रणाली की विफलताओं की नैतिक जिम्मेदारी भी उसे स्वीकार करनी चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जवाबदेही केवल उपलब्धियों तक सीमित नहीं होती; असफलताओं की जिम्मेदारी लेना भी सुशासन का अनिवार्य सिद्धांत है। देश के विभिन्न हिस्सों में बार-बार प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं केवल तकनीकी त्रुटियां नहीं हैं। यह संकेत हैं कि परीक्षा प्रणाली में कहीं न कहीं गंभीर संस्थागत कमजोरी मौजूद है। हर बार जांच समिति बनती है, कुछ गिरफ्तारियां होती हैं, आश्वासन दिए जाते हैं और फिर कुछ समय बाद वही घटनाएं दोहराई जाती हैं। इस चक्र ने विद्यार्थियों का भरोसा कमजोर किया है।आज देश का छात्र अपने अधिकारों की मांग लेकर सड़कों पर उतरने को विवश है। राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर सहित अनेक स्थानों पर छात्र शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। वे लाठीचार्ज, गर्मी, बारिश और कठिन परिस्थितियों के बीच केवल एक मांग कर रहे हैं–उनकी मेहनत और भविष्य की रक्षा की जाए। यह विडंबना है कि जिस युवा शक्ति को पुस्तकालयों और प्रयोगशालाओं में होना चाहिए, वह अपने अधिकारों के लिए धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर है।

लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन कोई अपराध नहीं है। संविधान प्रत्येक नागरिक को अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने का अधिकार देता है। छात्रों की आवाज़ को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय उनके दर्द को समझना आवश्यक है। आखिर वे किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं कर रहे, बल्कि केवल निष्पक्ष परीक्षा और समान अवसर चाहते हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या शिक्षा मंत्रालय इस पूरे घटनाक्रम की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करेगा? भारतीय लोकतंत्र में अनेक अवसरों पर मंत्रियों ने नैतिक आधार पर इस्तीफा देकर जवाबदेही की परंपरा स्थापित की है। इस्तीफा किसी व्यक्ति की हार नहीं होता, बल्कि व्यवस्था के प्रति जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान का प्रतीक भी हो सकता है। हालांकि, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि केवल किसी मंत्री का इस्तीफा समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यदि पूरी परीक्षा प्रणाली में व्याप्त खामियों को दूर नहीं किया गया, तो नया मंत्री आने के बाद भी वही समस्याएं दोहराई जा सकती हैं। इसलिए आवश्यकता व्यापक सुधारों की है–परीक्षा संचालन में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग, प्रश्नपत्रों की सुरक्षित डिजिटल प्रणाली, दोषियों के खिलाफ त्वरित एवं कठोर कार्रवाई, परीक्षा माफिया पर प्रभावी नियंत्रण तथा पारदर्शी जांच व्यवस्था की स्थापना। सरकार को यह भी समझना होगा कि आज की पीढ़ी केवल आश्वासन नहीं, बल्कि परिणाम चाहती है।

दृढ़ संकल्प की यात्राएं, विकास के मार्ग

आरएसईटीआई उद्यम के माध्यम से ग्रामीण आकांक्षाओं को सशक्त बना रहे हैं

विष्णु बाई अक्सर उस विश्वास को याद करती हैं जिसने उनके पूरे जीवन की दिशा तय की अर्थात जो दूसरों का उत्थान करता है, जीवन स्वयं उसका मार्ग भी प्रशस्त करता है। उनका जन्म एक साधारण किसान परिवार में हुआ, जहां जीवन की प्राथमिकताएं दैनिक आवश्यकताओं तक ही सीमित थीं और बड़े सपने देखने की गुंजाइश बहुत कम थी। आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण उनकी पढ़ाई आठवीं कक्षा के बाद ही रुक गई। कम उम्र में उनका विवाह हो गया और उनके कंधों पर नई ज़िम्मेदारियां आ गईं, लेकिन विवाह के केवल अठारह महीने बाद ही उन्हें मायके लौटना पड़ा। उनकी ससुराल गहरे आर्थिक संकट से गुजर रही थी, जिससे वहां रहना संभव नहीं रह गया। जब उन्होंने अपने भाइयों से आर्थिक सहायता की आशा जताई, तो उन्हें निराशा ही हाथ लगी। उस कठिन समय में उन्होंने हार मानने के बजाय आत्मनिर्भर बनने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने घर से ही कपड़े सिलाई का शुरू किया। सिलाई से होने वाली हर छोटी-बड़ी कमाई केवल आय का साधन नहीं थी, बल्कि उनके आत्मविश्वास, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता हुआ एक सशक्त कदम भी थी।

उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन तब आया, जब वे श्री राम स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। इसी समूह के माध्यम से उन्हें भोपाल के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटीआई) द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षणों की जानकारी मिली। वे अन्य महिलाओं की तरह सिलाई का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनना चाहती थीं लेकिन सामाजिक परंपराएं और आवागमन की सीमाएं उनके रास्ते में बड़ी बाधा बनकर खड़ी थीं। उन्होंने हार मानने के बजाय समाधान खोजा। उन्होंने संस्थान से आग्रह किया कि प्रशिक्षण उनके गांव में ही आयोजित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसमें भाग ले सकें। उनकी पहल को स्वीकार किया गया और गांव का पंचायत भवन सीखने और नए सपनों को आकार देने का केंद्र बन गया। वहीं महिलाओं ने एक साथ बैठकर सिलाई-कढ़ाई की बारीकियां सीखीं और छोटे व्यवसाय को सफलतापूर्वक संचालित करने के आवश्यक कौशल भी हासिल किए। अनेक महिलाओं के लिए यह अनुभव केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं था, बल्कि घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और नए अवसरों की दुनिया में रखा गया उनका पहला कदम था।

प्रशिक्षण पूरा होने के बाद विष्णु बाई ने अपने गांव में एक छोटी-सी सिलाई की दुकान शुरू की। शुरुआत महिलाओं के कपड़ों की सिलाई से हुई, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने पुरुषों के परिधान भी सिलने शुरू कर दिए। उनके काम की गुणवत्ता और मेहनत ने उन्हें जल्द ही पहचान दिलाई। जब उन्हें सरकारी स्कूलों की यूनिफॉर्म सिलने का ऑर्डर मिला, तो उनके व्यवसाय को नई गति मिली। नियमित आय के साथ उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता गया। बढ़ती मांग को देखते हुए उन्होंने औद्योगिक सिलाई मशीनें खरीदीं, जिससे उनका काम और अधिक व्यवस्थित तथा व्यापक हो गया। इस तरह उन्होंने अपने परिश्रम और लगन के बल पर एक स्थायी आजीविका स्थापित की। विष्णु बाई की यात्रा शांत साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास की प्रेरक मिसाल है। यह बदलाव किसी एक बड़े अवसर का परिणाम नहीं था, बल्कि छोटे-छोटे, निरंतर उठाए गए कदमों का फल था। उनकी कहानी ग्रामीण भारत की उन अनगिनत महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती है, जो बिना किसी शोर-शराबे या दिखावे के अपने साहस, मेहनत और आत्मविश्वास से अपने जीवन में बदलाव ला रही हैं। आरएसईटीआई- आकांक्षाओं से उद्यम तक का सेतु

इस परिवर्तन के मूल में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) हैं, जो ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिला स्तर पर स्थापित ये संस्थान 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क, अल्पकालिक, व्यावहारिक एवं आवासीय प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। इनका उद्देश्य केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर उद्यमी बनने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और संसाधन भी उपलब्ध कराना है। ग्रामीण विकास मंत्रालय, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों तथा प्रायोजक बैंकों के बीच त्रिपक्षीय साझेदारी के आधार पर संचालित यह पहल प्रशिक्षण के बाद भी प्रतिभागियों से जुड़ी रहती हैं। ऋण सुविधा, उद्यम स्थापना में सहयोग, निरंतर परामर्श और अनुवर्ती मार्गदर्शन के माध्यम से आरएसटीआई यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रशिक्षण केवल शिक्षण तक सीमित न रहे, बल्कि उसे स?थायी आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण में भी परिवर्तित किया जा सके। आरएसटीआई के माध्यम से कृषि, विनिर्माण, सेवा और उद्यमिता जैसे विविध क्षेत्रों में 73 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं, जिन्हें राष्ट्रीय कौशल मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य प्रतिभागियों को केवल तकनीकी दक्षता प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान और व्यावसायिक कौशल से भी सुसज्जित करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रायोजक बैंक व्यवहार्य उद्यमों की स्थापना के लिए ऋण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कौशल विकास, वित्तीय सहायता और सतत मार्गदर्शन का यह समन्वित मॉडल सुनिश्चित करता है कि अर्जित कौशल केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें वास्तविक आर्थिक गतिविधियों और स्थायी आजीविका में परिवर्तित किया जा सके। अनेक ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए यही समग्र सहायता प्रणाली वह निर्णायक मोड़ सिद्ध होती है, जहां से आत्मनिर्भरता की दिशा में उनकी नई यात्रा प्रारंभ होती है और संभावनाएं साकार रूप लेने लगती हैं। उमेश शिवाजी इंगले की कहानी भी इस तरह का सशक्त उदाहरण है कि किस प्रकार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसटीआई) लोगों के जीवन में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। दिहाड़ी मजदूर से सफल उद्यमी और रोजगार सृजनकर्ता बनने तक की उनकी यात्रा कौशल, अवसर और दृढ़ संकल्प की प्रेरक मिसाल है।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने के कारण उमेश केवल दसवीं कक्षा तक ही शिक्षा प्राप्त कर सके। इसके बाद लगभग पांच वर्षों तक उन्होंने एक नूडल फैक्ट्री में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम किया। लंबे समय तक कठिन परिश्रम करने के बावजूद उनकी आय इतनी नहीं थी कि परिवार की आवश्यकताओं को सहजता से पूरा कर सके।

इसी दौरान एक मित्र ने उन्हें आरएसटीआई के प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी, जिसने उनके जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने उद्यमिता विकास कार्यक्रम में प्रवेश लिया और फैक्ट्री में अर्जित अपने व्यावहारिक अनुभव को प्रशिक्षण के माध्यम से नए व्यावसायिक कौशल और प्रबंधन संबंधी ज्ञान से समृद्ध किया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्होंने एक पुरानी मशीन और सीमित संसाधनों के साथ अपनी छोटी-सी नूडल निर्माण इकाई स्थापित की। शुरुआती दिनों में उनकी इकाई प्रतिदिन लगभग 1,000 से 1,200 किलोग्राम नूडल्स का उत्पादन करती थी। गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और बढ़ती मांग के साथ उनका व्यवसाय निरंतर आगे बढ़ता गया और शीघ्र ही उन्हें लगभग 30,000 रुपये का मासिक लाभ होने लगा। अपने उद्यम के विस्तार के साथ उन्होंने वंचित पृष्ठभूमि की चार महिलाओं को रोजगार प्रदान किया, जिससे उनका व्यवसाय केवल उनकी आजीविका का साधन नहीं रहा, बल्कि अन्य परिवारों की आय का स्रोत भी बन गया। बाद में बैंक से प्राप्त आठ लाख रुपये के ऋण ने उन्हें अपने कारोबार का विस्तार करने में महत्वपूर्ण सहायता दी। बढ़ती मांग को देखते हुए उन्होंने अपनी इकाई को महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी), अकोला स्थित बड़े परिसर में स्थानांतरित किया, जहां उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। दिहाड़ी मजदूर से लेकर सफल उद्यमी और रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ता बनने तक उमेश शिवाजी इंगले की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि सही प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग और दृढ़ इच्छाशक्ति मिल जाए तो एक व्यक्ति न केवल अपना जीवन बदल सकता है, बल्कि अनेक अन्य लोगों के लिए भी सम्मानजनक आजीविका के नए अवसर सृजित कर सकता है।हर उद्यमिता की कहानी केवल आर्थिक आवश्यकता से प्रेरित नहीं होती; कई बार उसकी शुरुआत किसी रचनात्मक सपने और जीवन में सार्थक उद्देश्य की तलाश से होती है। कर्नाटक के धारवाड़ निवासी संजय मलागी की यात्रा इसी सत्य को प्रतिबिंबित करती है। उनकी कहानी बताती है कि किस प्रकार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसटीआई) विविध प्रतिभाओं और सपनों को सफल उद्यमों में बदलने का माध्यम बनते हैं।

पाकुड़ की खबरें

तालाब की जमीन खाली करने के नोटिस पर दुकानदारों ने उठाए सवाल

संताल एक्सप्रेस प्रतिनिधि

पाकुड़। शहर के बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप स्थित तालाब की सरकारी भूमि पर संचालित आठ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अंचल कार्यालय द्वारा अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किए जाने के बाद मामला तूल पकड़ने लगा है। प्रशासन ने दुकानदारों को निर्धारित तिथि तक दुकानें खाली कर भूमि को मूल स्वरूप में बहाल करने का निर्देश दिया है, वहीं प्रभावित दुकानदारों ने कार्रवाई पर पुनर्विचार करने और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय देने की मांग की है।अंचल कार्यालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि मौजा पाकुड़, खाता संख्या-588, दाग संख्या-1345 राजस्व अभिलेख में तालाब के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद उक्त भूमि पर व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित किए जा रहे हैं, जो संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम, 1949 की धारा-35 तथा झारखंड हाई कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन ने झारखंड हाई कोर्ट की रिट याचिका संख्या 726/2014 एवं 654/2015 तथा अवमानना वाद संख्या 88/2026 में पारित आदेशों का हवाला देते हुए कहा है कि तालाब की भूमि को उसके मूल स्वरूप में बहाल करना अनिवार्य है।इधर, नोटिस मिलने के बाद प्रभावित दुकानदारों ने अंचल अधिकारी को संयुक्त आवेदन सौंपकर कहा है कि वे संबंधित भूमि के मालिक नहीं, बल्कि धर्मेंद्र सिंह के विधिवत किरायेदार हैं। उनका कहना है कि यदि कोई कार्रवाई की जानी है तो नोटिस भूमि स्वामी को दिया जाना चाहिए था। दुकानदारों ने यह भी बताया कि भूमि विवाद झारखंड हाई कोर्ट में लंबित है और 28 जुलाई को अंतरिम राहत (इंटरिम प्रोटेक्शन) संबंधी आवेदन पर सुनवाई निर्धारित है।दुकानदारों का कहना है कि उन्हें कानूनी उपाय अपनाने और न्यायालय में अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने तक किसी प्रकार की बेदखली की कार्रवाई नहीं की जाए तथा उन्हें कानून के तहत उपलब्ध अधिकारों का उपयोग करने का अवसर दिया जाए।नोटिस प्राप्त करने वाले प्रतिष्ठानों में मोंटी कार्लो केपी फैशन, बाबा लोकनाथ इंटरप्राइजेज, नारायण, लक्ष्मी फर्नीचर एंड गोडरेज इंटीरियो, रॉयल ट्रेडर्स, आस्था द वेडिंग स्टूडियो, अजमेरा ट्रेड्स तथा डिस्टिल्ड वाटर एंड सोफा रिपेयरिंग शामिल हैं।

कोरम के अभाव में नहीं हो सका हिरणपुर प्रमुख पद का चुनाव

संताल एक्सप्रेस प्रतिनिधि हिरणपुर (पाकुड़)। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को पंचायत समिति के प्रमुख पद के चुनाव के लिए निर्धारित कार्यक्रम के तहत चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन आवश्यक कोरम पूरा नहीं होने के कारण चुनाव स्थगित करना पड़ा।अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी साइमन मरांडी की देखरेख में चुनाव संपन्न होना था। चुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली थीं। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी दिलीप टुडू भी मौजूद रहे।निर्धारित समय तक पंचायत समिति के कुल 15 निर्वाचित सदस्यों में से केवल 4 सदस्य ही उपस्थित हुए। आवश्यक संख्या में सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण कोरम पूरा नहीं हो सका। इसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी साइमन मरांडी ने प्रमुख पद के चुनाव की प्रक्रिया रद्द करने की घोषणा कर दी।एसडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि कुल 15 निर्वाचित सदस्यों में से मात्र चार सदस्य ही उपस्थित हुए थे। कोरम पूरा नहीं होने के कारण नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा सकी। चुनाव रद्द होने के बाद उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी वापस लौट गए।

सरायगढ़-देवघर-सरायगढ़ अनारक्षित स्पेशल ट्रेन रेयाक् सेवा राधोपुर हा़बिच् बाड़हाव

सांगाड़ियाकोवाक् सुबिता ला़गित्, **05573/05574 सरायगढ़-देवघर-सरायगढ़ अनारक्षित स्पेशल ट्रेन** रेयाक् सांगार दो़ **मा़हित 25.07.2026 खोन 31.08.2026 हा़बिच्** राधोपुर हा़बिच् नोंडका लेका बाड़हावो़क्आः

राघोपुर–देवघर स्पेशल (05573) सेटेरो़क्आ	लाड़ाक्आ	स्टेशन	देवघर–राघोपुर स्पेशल (05574) सेटेरो़क्आ	लाड़ाक्आ
–	02.50	राघोपुर	22.50	–
03.03	03.05	सरायगढ़	22.15	22.17
11.20	–	देवघर	–	11.35

टिप्पणीः सरायगढ़-देवघर ताला रे सो़मो़यटेवान दो़ एनका गे ताहेंना। एमान तेयाक् जो़तो़ बातलावको हों एनका गे ताहेंना।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

जेपीएससी परीक्षा में कथित धांधली के विरोध में भाजयुमो का मशाल जुलूस, सीबीआई जांच की मांग

संताल एक्सप्रेस

पाकुड़। जेपीएससी परीक्षा में कथित धांधली के विरोध में बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने पाकुड़ शहर में बिरसा चौक से अंबेडकर चौक तक मशाल जुलूस निकालकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक साहा ने किया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष दीपक साहा ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के कार्यकाल में जेपीएससी और जेएसएससी जैसी भर्ती परीक्षाओं में लगातार अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।भाजपा जिला महामंत्री रूपेश भगत ने आरोप लगाया कि जेपीएससी परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी हरियाणा की एक एजेंसी को दी गई थी और बड़ी संख्या में हरियाणा के अभ्यर्थियों के चयन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा इस मुद्दे पर व्यापक आंदोलन करेगी।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने छात्रों के साथ अन्याय बंद करो, छात्रों के साथ मनमानी नहीं चलेगी और ÷नियोजन नीति लागू करो जैसे नारे लगाए।मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय, धर्मेंद्र त्रिवेदी, पंकज साह, रतन भगत, जीतू सिंह, पुरुषोत्तम राय, शिवरतन रजवाड़, मिठुन कुमार, मोहन कुमार, सुमन कुमार, पवन डोम, आकाश हरिजन सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डीएसई ने किया उत्कृष्ट विद्यालय का औचक निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला शिक्षा अधीक्षक सह विद्यालय की नोडल पदाधिकारी प्रियासी भगत ने औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके प्रथम आगमन पर विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान सहायक परियोजना पदाधिकारी राजेश जी मौजूद रहे। डीएसई ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन की स्थिति का अवलोकन किया तथा शिक्षकों के लेसन प्लान की जांच की। उन्होंने विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने प्राचार्य राजू नंदन साहा एवं शिक्षकों के साथ बैठक कर विद्यालय की वर्तमान स्थिति, आवश्यकताओं और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए विद्यालय में शिक्षकों की कमी को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया।डीएसई ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया। प्राचार्य राजू नंदन साहा ने निर्देशों का पालन करने और विद्यालय को जिले का आदर्श संस्थान बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

पीएम पोषण योजना के सामाजिक अंकेक्षण की तैयारी तेज, समीक्षा बैठक आयोजित

हिरणपुर (पाकुड़)। पीएम पोषण योजना के तहत प्रस्तावित सामाजिक अंकेक्षण को सफल एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) हिरणपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया, विद्यालयों की तैयारियों तथा जनसुनवाई के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी ने की। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम ठाकुर, प्रखंड साधन सेवी संजय जायसवाल, सीआरपी तथा सामाजिक अंकेक्षण के लिए चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुधा कुमारी ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य पीएम पोषण योजना के प्रभावी संचालन, पारदर्शिता और गुणवत्ता का आकलन करना है। उन्होंने संबंधित विद्यालयों को सभी आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखने, निर्धारित प्रपत्र समय पर तैयार करने तथा जनसुनवाई के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम ठाकुर ने बताया कि हिरणपुर प्रखंड स्तर पर सामाजिक अंकेक्षण की जनसुनवाई 20 अगस्त 2026 को आयोजित की जाएगी। इसके बाद 12 अक्टूबर 2026 को जिला स्तरीय जनसुनवाई होगी, जिसमें सामाजिक अंकेक्षण के निष्कर्षों एवं प्राप्त सुझावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा।सभी तैयारियां पूरी करने तथा सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग देकर पीएम पोषण योजना को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने का आह्वान किया।

छात्र- छात्राओं ने ली नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ

साहिबगंज- मॉडल कॉलेज राजमहल में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने की. इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों एवं आगंतुकों ने सामूहिक रूप से जीवनभर किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ ली.

मतदाता सूची को शत-प्रतिशत त्रुटिरहित व अद्यतन बनाने पर जोर

संताल एक्सप्रेस प्रतिनिधि

पाकुड़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मध्य विद्यालय नरोत्तमपुर, मध्य विद्यालय वल्लभपुर एवं कीताझोर स्थित मतदान केंद्रों पर चल रहे पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने बीएलओ-बीएलए-2 बैठक एवं चुनाव पाठशाला में भाग लेकर बीएलओ, बीएलए-2, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने एएसडीडी सूची, लंबित प्रपत्रों एवं घर-घर सत्यापन कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि जिन पात्र मतदाताओं का नाम किसी कारणवश सूची में शामिल नहीं हो सका है, उनका प्रपत्र भरवाकर जमा कराया जाए। वहीं, जिन मतदाताओं का सत्यापन अब तक नहीं हो सका है या जो बीएलओ एवं बीएलए-2 के स्तर पर ट्रेस नहीं हो पा रहे हैं, उनके सत्यापन के लिए 23 से 25 जुलाई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे।मौके पर एईआरओ सह अंचलाधिकारी अरविन्द कुमार बेदिया, अतिरिक्त एईआरओ सह कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी समेत बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ, बीएलए-2, जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

जेपीएससी परीक्षा में कथित धांधली के विरोध में भाजयुमो का मशाल जुलूस

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। जेपीएससी परीक्षा में कथित धांधली के विरोध में बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने पाकुड़ शहर में बिरसा चौक से अंबेडकर चौक तक मशाल जुलूस निकालकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक साहा ने किया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष दीपक साहा ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के कार्यकाल में जेपीएससी और जेएसएससी जैसी भर्ती परीक्षाओं में लगातार अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।भाजपा जिला महामंत्री रूपेश भगत ने आरोप लगाया कि जेपीएससी परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी हरियाणा की एक एजेंसी को दी गई थी और बड़ी संख्या में हरियाणा के अभ्यर्थियों के चयन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा इस मुद्दे पर व्यापक आंदोलन करेगी।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ÷छात्रों के साथ अन्याय बंद करो÷, ÷छात्रों के साथ मनमानी नहीं चलेगी÷ और ÷नियोजन नीति लागू करो÷ जैसे नारे लगाए।मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय, धर्मेंद्र त्रिवेदी, पंकज साह, रतन भगत, जीतू सिंह, पुरुषोत्तम राय, शिवरतन रजवाड़, मिठुन कुमार, मोहन कुमार, सुमन कुमार, पवन डोम, आकाश हरिजन सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच बीएलओ सम्मानित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान-2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के पांच बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को बुधवार को समाहरणालय सभागार में सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी बीएलओ को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके समर्पण और बेहतर कार्य की सराहना की।सम्मानित बीएलओ ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय-सीमा से पहले शत-प्रतिशत पूरा किया। सम्मानित होने वालों में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 350 की जासमिनारा बीबी और बूथ संख्या 388 की नीलिमा सरकार, लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 83 की कल्पना कुमारी, तथा महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 92 की शालू बेगम एवं बूथ संख्या 65 की रुमी मंडल शामिल हैं।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन कार्य में समयबद्धता, जिम्मेदारी और समर्पण लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करने से अन्य बीएलओ भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।कार्यक्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी, महेशपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता अमित कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह पाकुड़ अंचलाधिकारी अरविन्द कुमार बेदिया सहित निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की हुई समीक्षा

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बुधवार को जबरदहा एवं कमलघाटी पंचायत के बूथ संख्या 76, 77, 82 एवं 85 पर बीएलओ, बीएलए-2 एवं चुनाव पाठशाला की तृतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर बैठक की कार्यवाही का जायजा लिया। उन्होंने पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता, शुद्धता एवं समयबद्धता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए तथा अपात्र नामों को नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया पूरी सावधानी से पूरी की जाए।उन्होंने कहा कि सूची-1 से 5 तक यदि किसी मतदाता से संबंधित कोई जानकारी हो तो उसे अवश्य उपलब्ध कराएं, ताकि 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी पात्र भारतीय नागरिक, जो संबंधित क्षेत्र के सामान्य निवासी हैं, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकें और मतदान के अधिकार से वंचित न रहें।बैठक में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों, मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया तथा मतदाता जागरूकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना सभी संबंधित कर्मियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने पर चर्चा

साहिबगंज द्ध(-विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर -2026 अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के के लिए बुधवार को धर्मपुर पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 225, 226 एवं 227 पर बीएलओ, बीएलए-2 की तृतीय बैठक एवं चुनाव पाठशाला की तृतीय बैठक हुई .बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धीकरण करना और अभियान में सभी हितधारकों की सहभागिता सुनिश्चित करना था.बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के आलोक में मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटियों को दूर करने, नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत तथा स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने और डुप्लिकेट प्रविष्टियों को हटाने पर विस्तृत पूर्वक चर्चा की गई. पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाएं इसके लिए घर-घर सर्वेक्षण और दस्तावेज सत्यापन में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए.बैठक में उपस्थित बीएलओ ,बीएलए-2, शिक्षकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को फॉर्म-6, 7, 8 एवं 8ए भरने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई. बताया गया कि नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, नाम में संशोधन और पते में बदलाव के लिए निर्धारित प्रपत्रों को समयबद्ध तरीके से भरकर जमा कराना अनिवार्य है. साथ ही मतदाताओं को आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र और आयु प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखने की अपील की गई.बैठक में मतदान केंद्र संख्या 225 के बीएलए -2 राजेश कुमार मंडल, 226 के आबिद नैयर तथा 227 के रंजन तुरी बीएलओ कुमकुम कुमारी, एलिजाबेथ हेम्ब्रम एवं मुन्नी मरांडी मौजूद थीं.

अधूरे पुल का निर्माण कराना जिम्मेदारी जल्द किया जाएगा पूरा : उदय शंकर सिंह

बारिश से प्रभावित पुल का किया निरीक्षण, भू-अर्जन की बाधा दूर कराने के लिए विभाग को निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । जिले में लगातार हुई भारी बारिश के कारण सारठ के खरवा जोरिया पर बने पुल के ऊपर से पानी बहने लगा था। इससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सारठ विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह ने बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने बताया कि पुल के पुनर्निर्माण में भू-अर्जन की प्रक्रिया सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। इस पर विधायक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रक्रिया का जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि वह स्वयं रांची जाकर वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और आपसी समन्वय के माध्यम से निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने फिलहाल पुल के नीचे पानी की निकासी के लिए लगाए गए होम पाइप की तत्काल सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि बारिश का पानी बिना किसी रुकावट के बह सके और भविष्य में पुल के ऊपर पानी जमा होने की स्थिति न बने। उदय शंकर सिंह ने कहा कि अधूरे पड़े पुल का निर्माण पूरा कराना उनकी जिम्मेदारी है और इसे जल्द पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य भी पिछले वर्ष पूरा कराया गया था और इसी तरह इस पुल का निर्माण भी शीघ्र पूरा कराया जाएगा।

इस दौरान विधायक ने पूर्व वर्षों में विकास कार्यों की गति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिन लोगों को सारठ की जनता ने जिम्मेदारी सौंपी थी, वे लंबे समय तक निर्माण कार्य में आई बाधाओं को दूर कर इसे पूरा नहीं करा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब इस पुल का निर्माण जल्द पूरा कराने के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा।

के. राजू से मिले इंटक प्रदेश सचिव अजय कुमार देवघर संगठन की गतिविधियों से कराया अवगत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने रांची स्थित राजकीय अतिथिशाला में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने देवघर जिला इंटक की संगठनात्मक गतिविधियों और विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। अजय कुमार ने बताया कि देवघर जिला इंटक के अध्यक्ष अनंत मिश्रा के नेतृत्व में जिला इकाई लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों एवं कार्यक्रमों का देवघर जिला इंटक पूरी प्रतिबद्धता के साथ पालन कर रही है। इसके तहत श्रमिक हितों, संगठन विस्तार तथा जनसरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। मुलाकात के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर भी चर्चा हुई। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर कार्यकर्ताओं से जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

श्रद्धालु की शिकायत पर मंदिर प्रबंधन ने की पहल

देवघर। बाबा वैद्यनाथ मंदिर में एक श्रद्धालु के साथ हुई असुविधा का मामला सामने आने के बाद मंदिर प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कर दिया। इस पहल की मेयर रवि कुमार राउत ने सराहना की है। मेयर ने कहा कि बाबा वैद्यनाथ की कृपा और देवघरवासियों का अटूट विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर प्रबंधन की टीम ने संबंधित श्रद्धालु से मुलाकात की, उनकी समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना तथा तत्काल समाधान सुनिश्चित किया।

हरित देवघर अभियान के तहत 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य

देवघर संताल एक्सप्रेस । आगामी हरित देवघर - वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के सफल संचालन एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर यूथ वॉइस,देवघर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अभियान की रूपरेखा साझा की। संस्था ने बताया कि पूरे जिले में 5000 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना है। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि यूथ वॉइस, देवघर केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रहेगा,बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न जनहित कार्य भी करेगा। श्रावणी मेला 2026 के दौरान प्रत्येक रविवार रात्रि में बाबा नगरी आने वाले कांवरियों की सेवा, मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए विशेष सेवा अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा पर्यावरण जागरूकता,स्वच्छता अभियान,रक्तदान, युवा जागरूकता और सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यक्रम भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में संस्था के सदस्य शुभम कुमार, राजीव रंजन राय,शुभम सिंह, अनुज राय,शिवम कुमार, आशीष आनंद,कृष्ण शाही, रोशन कुमार राय, विजय सिंह एवं रूपेश कुमार राय उपस्थित रहे। यूथ वॉइस, देवघर ने जिले के युवाओं एवं आम नागरिकों से अभियान से जुड़ने और ÷एक पौधा - एक संकल्प, हरित देवघर हमारा विकल्प÷ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

जिला योग चैंपियनशिप में गीता देवी डीएवी स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

देवघर। स्थानीय गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, कास्टर टाउन के विद्यार्थियों ने जिला स्पोर्ट्स एसोसिएशन, देवघर के तत्वावधान में आयोजित छठी जिला स्तरीय योगा चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 19 और 20 जुलाई को इंडोर स्टेडियम, देवघर में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के बीच हुए मुकाबले में गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल को ओवरऑल चैंपियन का खिताब मिला। प्रतियोगिता में आद्या और ऋष्या मुरारी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। समायरा, आरुषि और आकृति ने रजत पदक जीता, जबकि शगुन, साधिका, सृष्टि कुमारी, देवराज और युवराज ने कांस्य पदक अपने नाम किया। बुधवार को विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य शुभाशीष चट्टराज ने सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि योग आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। नियमित अभ्यास, अनुशासन और कठिन परिश्रम से किसी भी क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी योग प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल शिक्षिका सूचीव्रता पाणिग्राही और राहुल कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसकी जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह ने दी।

श्रावणी मेला की तैयारियों का जायजा लेने जसीडीह रेलवे स्टेशन पहुंचे रेल और जिला प्रशासन के अधिकारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । आगामी श्रावणी मेला को लेकर सुरक्षा, यात्री सुविधाओं और समन्वय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जसीडीह रेलवे स्टेशन का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में आईजी रेल माईकल एस, डीआईजी रेल प्रियदर्शी आलोक, एसपी रेल मोमिल राजपुरोहित, देवघर एसपी प्रवीण पुष्कर, आसनसोल डिवीजन के कमांडेंट पवन कुमार, सीसीआर डीएसपी, एसडीपीओ देवघर, ओसी जसीडीह, रेल थाना जसीडीह के इंस्पेक्टर प्रभारी, आरपीएफ ओसी टाउन देवघर सहित रेलवे और जिला प्रशासन के कई अधिकारी शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रवेश एवं निकास द्वार, यात्री प्रतीक्षालय, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, सीसीटीवी निगरानी, पार्किंग, बैरिकेडिंग तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों को श्रावणी मेला के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर रेलवे, जीआरपी, आरपीएफ और जिला पुलिस के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और मेला अवधि में प्रत्येक व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

नगर निगम में बैठक कर एसआईआर के लिए फॉर्म का वितरण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। देवघर नगर निगम कार्यालय में बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता देवघर सदर अनुमंडल पदाधिकारी-सह-इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर रवि कुमार ने की। इसमें बीएलओ के साथ अब तक हुए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में विशेष रूप से एएसएसडी सूची, एन्यूमरेशन फॉर्म (ईएफ) के डिजिटाइजेशन तथा शेष ईएफ के वितरण की स्थिति पर चर्चा हुई। समीक्षा के दौरान संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सभी बीएलओ, पर्यवेक्षकों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े सभी कार्य युद्धस्तर पर संचालित किए जाएं। साथ ही निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित कार्यों को पूरा करने और कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ पर्यवेक्षक, बीएलओ तथा कार्यालय के संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । देवघर नगर निगम की सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार,पिछले कई वर्षों से सफाई कार्य की निगरानी एक ही सिटी मैनेजर के अधीन की जा रही है। उनका मुख्य दायित्व एमएसडब्ल्यू एजेंसी के माध्यम से डोर-टू-डोर एवं कॉमर्शियल कचरा संग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इस कार्य के लिए विभाग की ओर से 72 से 74 टीपर वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर दावा किया जा रहा है कि नियमित रूप से केवल 40 से 45 वाहन ही संचालित हो रहे हैं और उनमें से भी कई की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इसके बावजूद एमएसडब्ल्यू एजेंसी का मासिक बिल लगातार बढ़ रहा है और नगर निगम द्वारा उसका भुगतान भी नियमित रूप से किया जा रहा है। पूर्व में नगर निगम अपने कर्मचारियों के माध्यम से शहर की सफाई कराता था तथा एजेंसी की लापरवाही पर आर्थिक दंड लगाने की व्यवस्था भी थी। अब यह सवाल उठ रहा है कि कार्य की गुणवत्ता पर पर्याप्त निगरानी हो रही है या नहीं। लगातार एक ही अधिकारी के जिम्मे निरीक्षण रहने से व्यवस्था की निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर भी चर्चा हो रही है। ऐसे में नगर निगम प्रशासक को पूरे मामले की गंभीरता से समीक्षा कर सफाई व्यवस्था का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन कराना चाहिए। राजकीय श्रावणी एवं भादो मेला निकट है, जिसमें लाखों श्रद्धालु देवघर पहुंचते हैं। ऐसे समय में शहर की स्वच्छता, कचरा संग्रहण और सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना आवश्यक है, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं के बीच देवघर नगर निगम और झारखंड सरकार की सकारात्मक छवि बनी रहे तथा उन्हें स्वच्छ और व्यवस्थित शहर का अनुभव हो।

डॉ. सिकंदर सिंह का देवघर में स्वागत

देवघर संताल एक्सप्रेस । भारतीय चिकित्सा संघ के वर्ष 2026 के राष्ट्रीय सामुदायिक सेवा पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात चिकित्सक डॉ. सिकंदर सिंह के देवघर आगमन पर जी ग्रुप के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया था। डॉ. सिकंदर सिंह को समाज सेवा,जनस्वास्थ्य जागरूकता, टीबी उन्मूलन, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण तथा सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि को देवघर ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरवपूर्ण बताया गया। देवघर पहुंचने पर जी ग्रुप के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. सिकंदर सिंह की सेवा भावना, समर्पण और समाज के प्रति प्रतिबद्धता चिकित्सकों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मान समारोह में संजय मालवीय, ऋषि राज सिंह, धर्मेंद्र देव, निर्मल कुमार, जोगिंद्र तिवारी, राकेश राय, राकेश पाण्डेय, नवीन शर्मा एवं डॉ. बीरेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. सिकंदर सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर जनसेवा की कामना की।

अखिल झारखंड ठेकेदार संघ के अध्यक्ष बने आदर्श लक्ष्य

देवघर संताल एक्सप्रेस । वार्ड संख्या-18 स्थित पंडित बी.एन. झा रोड के एक बैंक्वेट हॉल में अखिल झारखंड ठेकेदार संघ की वार्षिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लेकर संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से संगठन के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। आदर्श लक्ष्य को निर्विरोध संघ का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा रांची के हरि नारायण मिश्रा एवं जमशेदपुर के आशीष सिंह उपाध्यक्ष, धनबाद के कामेश्वर प्रसाद सिंह महासचिव, बोकारो के विक्रम सिन्हा एवं दुमका के कौशल आनंद सचिव, कोडरमा के विमल अग्रवाल कोषाध्यक्ष, हजारीबाग के आलोक वर्मा संगठन सचिव तथा गुमला के अमर नाथ गुप्ता एवं गढ़वा के सिकंदर सिंह कार्यकारी सदस्य निर्वाचित किए गए।नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, ठेकेदारों के हितों की रक्षा करने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संघ पारदर्शी कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने और सरकार के समक्ष ठेकेदारों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। बैठक का समापन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ हुआ।

मसलिया : अवैध खाद दुकान सील, 44 बोरी जब्त

मसलिया । मसलिया प्रखंड क्षेत्र के निपनिया चौक पर अवैध रूप से खाद बेच रहे एक किराना दुकान पर प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दुकान को सील कर दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अजफर हसनैन ने बताया कि उपायुक्त दुमका के निर्देश पर खरीफ मौसम में डीएपी, यूरिया और बीज की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निपनिया चौक पर बिना अनुज्ञप्ति दुकान संचालित कर रहे निमाई चंद्र सेन को पकड़ा गया। जांच के दौरान दुकान से 20 बोरी यूरिया और 24 बोरी डीएपी अवैध रूप से रखा हुआ मिला। सभी खाद को जब्त कर दुकान को सील कर दिया गया है।इसी दौरान शिकारपुर स्थित विवेक एंटरप्राइज की भी जांच की गई। दुकान के पास खाद बिक्री का लाइसेंस तो था, लेकिन स्टॉक पंजी और रेट चार्ट नहीं पाया गया। जांच में यह भी उजागर हुआ कि दुकानदार सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद बेच रहा था। सरकार द्वारा डीएपी का निर्धारित मूल्य 1350 रुपये प्रति बोरी और यूरिया 260 रुपये प्रति बोरी है। जबकि यहां डीएपी 1800 से 2000 रुपये और यूरिया 450 रुपये प्रति बोरी में किसानों को बेची जा रही थी। बीडीओ ने बताया कि दोनों दुकानों के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई के लिए जिला कृषि पदाधिकारी, दुमका को प्रतिवेदन भेज दिया गया है। मौकेपर प्रखंड तकनीक प्रबंधक श्याम सुंदर सिंह,सहायक तकनीक प्रबंधक मिथलेश कुसुम के अलावे मसलिया पुलिस मैजूद रहे।

पारबाद यादव टोला में आधे महीने से बिजली गुल

मसलिया। मसलिया प्रखंड के गुमरो पंचायत अंतर्गत पारबाद यादव टोला में लगे सौ केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से पिछले 15 दिनों से करीब 50 बिजली उपभोक्ता अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं। ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद से गांव में बिजली कुछ घरों को छोड़कर आपूर्त पूरी तरह से ठप है। इससे घरों में लगे पंखे, कूलर, टीवी सहित बिजली से चलने वाले सभी उपकरण बंद पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही पूरे टोला में घना अंधेरा छा जाता है। घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण गलियों में कीचड़ जमा है और विषैले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ गया है। इसी डर के साये में लोगों को रात गुजारनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों की पढ़ाई को लेकर है। लाइट नहीं रहने से घरों में पढ़ाई बाधित हो रही है। वहीं ऑनलाइन क्लास करने वाले छात्रों की पढ़ाई भी पीछे छूट रही है। मोबाइल फोन चार्ज नहीं होने से संपर्क भी टूट रहा है और महंगी दरों पर कराया गया रिचार्ज बेकार जा रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल की जाए।

60 किसान दीदियों के बीच अरहर बीज वितरण

संवाददाता

मसलिया। कृषि विभाग द्वारा दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मसलिया प्रखंड क्षेत्र के बेलियाजोर पंचायत के श्यामपुर और हिलरजोरी गांव में बुधवार को विशेष अभियान चलाकर 60 किसान दीदियों के बीच अरहर बीज का निशुल्क वितरण किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विभाग के आत्मा, दुमका के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रधान हांसदा मुख्य रूप उपस्थित रहे। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) श्यामसुंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत श्यामपुर गांव की 30 और हिलरजोरी गांव की 30 महिला किसानों को 4-4 किलोग्राम उन्नत किस्म का अरहर बीज उपलब्ध कराया गया है। सभी दीदियों द्वारा इस वर्ष पहली बार अपने खेतों में दलहन की खेती की जाएगी।

बीज वितरण के दौरान बीटीएम श्री सिंह ने उपस्थित दीदियों को दलहन की उन्नत खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अरहर की खेती कम लागत और कम मेहनत में की जा सकती है। साथ ही यह मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी बढ़ाती है। दलहन की खेती से न केवल घर की पोषण सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि बाजार में बेचकर अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त की जा सकेगी। उन्होंने इसे ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्हानें आगे कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक किसान दलहन और तिलहन की खेती से जुड़ें ताकि क्षेत्र को दलहन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

देवघर में ऑटो-टोटो चालकों ने अवैध वसूली का लगाया आरोप, प्रशासन से जांच की मांग

संवाददाता

देवघर । देवघर में ऑटो और टोटो चालकों ने विभिन्न प्रकार के शुल्क एवं कथित अवैध वसूली से परेशान होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बेरोजगारी के दौर में किसी तरह ऑटो और टोटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहे चालक प्रतिदिन कई तरह के भुगतान करने को विवश हैं, जिससे उनकी आय पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

चालकों का आरोप है कि जसीडीह स्टैंड से चकाई मोड़ तक संचालित टोटो-टेम्पू मालिक सह चालक संघ, जसीडीह की ओर से प्रतिदिन प्रत्येक ऑटो और टोटो से 70 से 80 रुपये तक वसूले जाते हैं। उनका दावा है कि यह वसूली रात के समय भी जारी रहती है। इसके अलावा स्टैंड में प्रवेश (एंट्री) के नाम पर भी अलग से राशि ली जाती है।

चालकों का कहना है कि एक ओर उन्हें कथित रूप से संघ को प्रतिदिन शुल्क देना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम का निर्धारित शुल्क भी जमा करना होता है। उनका आरोप है कि दोहरी वसूली के कारण उनकी दैनिक आय का बड़ा हिस्सा खर्च हो जाता है। देवघर रेलवे स्टेशन के बाहर संचालित ऑटो चालकों ने भी इसी प्रकार की कथित वसूली की शिकायत की है। सिमुलतल्ला के टेलवा नेमसार गांव निवासी टोटो चालक राजेश दास ने बताया कि उन्होंने बैंक ऋण लेकर वाहन खरीदा है। ऐसे में बैंक की मासिक किस्त, विभिन्न शुल्कों का भुगतान और परिवार का खर्च एक साथ वहन करना उनके लिए कठिन होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संघ की ओर से दी जाने वाली रसीद में वसूली गई राशि का उल्लेख नहीं किया जाता, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। चालकों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि कहीं अवैध वसूली हो रही है तो उसे तत्काल रोका जाए और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे बेरोजगार युवा स्वरोजगार के रूप में ऑटो और टोटो चला रहे हैं, इसलिए उनके हितों की रक्षा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। फिलहाल, चालकों के इन आरोपों पर टोटो-टेम्पू मालिक सह चालक संघ, जसीडीह अथवा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

नाम परिवर्तन

मैं, रंजीत कुमार, पिता- गौर चंद्र साह, निवासी ग्राम- तेतुलिया, पोस्ट- तीन पहाड़, थाना- तीन पहाड़, जिला- साहिबगंज, झारखंड शपथ पत्र संख्या- 22524 दिनांक- 15/07/2026 के द्वारा सूचित करता हूँ कि आधार कार्ड संख्या 656321142761 में मेरी पुत्री का नाम अधया कुमारी दर्ज है,जो गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम आद्या कुमारी है, जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है। भविष्य में मेरी पुत्री का सही नाम आद्या कुमारी ही माना जाएगा।

AFFIDAVIT

I, Md. Jainuddin Ansari, Son of Md. Noshad, aged about 01/01/1972 (54) Year, Resident of Village-Anjuman Nagar, Post.-Sahibganj, Dist.- Sahibganj (Jharkhand)-816109, do hereby solemnly affirn and declare as follows.

1. What my old name is Md. Jainuddin Ansari.
2.That I have changed my name and henceforth I shall be known as Mohammad Juber for all purposes and my Aadhar no, is 5340 8661 3312.
3.That both the names mentioned above refer to one and the same person.
4.That the change of nameis not made for any fraudulent, criminal, or unlawful perpose.
5.That in future all my reconds, documents, bandk accounts, educational certificate. goverment and non-bovernment documents shall bear my new name i.c. Mohammad Juber.
6. That this affidavit is being executed for publication of name change in newspa per and for all other legal purposes.
7. That this affidavit is being sworn on this 16nd day of July, 2026 at Sahibganj Civil Court

A.F. No/522

साहिबगंज में गंगा उफान पर,24 घंटा में जलस्तर में रिकार्ड 64 सेमी में वृद्धि

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - सूबे के एक मात्र जिला साहिबगंज जिले में पिछले 12 दिनों से गंगा के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की जा रही है. वही 12 दिनों से गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण गंगा उफान पर है.वही मंगलवार से बुधवार के बीच यानी 24 घंटा में गंगा के जलस्तर में रिकार्ड 64 सेमी वृद्धि दर्ज की गई है. केंद्रीय जल आयोग पटना से जारी रिपोर्ट के अनुसार साहिबगंज में प्रतिदिन गंगा के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की जा रही है.साहिबगंज में 12 जुलाई को 22 सेमी,13 जुलाई को 05 सेमी,14 जुलाई को 47 सेमी एवं 15 जुलाई को 26 सेमी,16 जुलाई को 14 सेमी,17 जुलाई को 24 सेमी,18 जुलाई को 09 सेमी,19 जुलाई को 33 सेमी,20 जुलाई को 09 सेमी,21 जुलाई को 37 सेमी एवं 22 जुलाई को रिकॉर्ड 64 सेमी गंगा के जलस्तर में वृद्धि हुई है.बताया कि गंगा के जलस्तर और वृद्धि होने की संभावना है.क्योंकि बक्सर से फरक्का तक कई साइडों पर गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है.केंद्रीय जल आयोग के अनुसार साहिबगंज में बुधवार की सुबह 6 बजे गंगा का जलस्तर 25.32 मीटर मापा गया.जो चेतावनी रेखा 26.25 मीटर से 0.93 मीटर नीचे व खतरे के निशान 27.25 मीटर से 1.93 मीटर नीचे बह रही है.आयोग के अनुसार यूपी के बक्सर, बिहार के मुंगेर, भागलपुर, कहलगांव व पच्छिम बंगाल के फरक्का में गंगा का जलस्तर में वृद्धि हो रही है.वही बिहार के दीघा घाट ,गांधी घाट,हाथीदाह, झारखंड के साहिबगंज में गंगा कि जलस्तर स्थिर है. है.वही गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगो को एक बार फिर बाढ़ का भय सताने लगी है.वही जिला प्रशासन बाढ़ पर नजर बनाएं हुए है.जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी गंगा किनारे व दियारा में लहने वाले लोगो पर व बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाएं हुए है.

चेतावनी रेखा से मात्र 93 सेमी नीचे बह रही है गंगा

एडीआरएम पहुंचे साहिबगंज, निरीक्षण किया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - हावड़ा जोन के महाप्रबंधक जीएम मिलिंद देवसकर के 27 जुलाई को प्रस्तावित साहिबगंज दौरे को लेकर बुधवार को मालदा रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक एडीआरएम अमरेंद्र कुमार मौर्य अधिकारियों की टीम के साथ साहिबगंज पहुंचे और प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया.एडीआरएम ने रेलवे हाई स्कूल परिसर पहुंचकर वहां चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन कर निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की.जानकारी के अनुसार जीएम मिलिंद देवसकर के प्रस्तावित दौरे के दौरान रेलवे हाई स्कूल का निरीक्षण तथा गंगा तट पर अंग्रेजों के समय के ऐतिहासिक हेरिटेज भवन से जुड़े कार्यों का उद्घाटन प्रस्तावित है. इसे लेकर मालदा रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों का लगातार साहिबगंज दौरा हो रहा है और विभिन्न विभागों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है.रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जीएम के प्रस्तावित निरीक्षण कार्यक्रम को देखते हुए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं.निरीक्षण के दौरान आरपीएफ कमांडेंट वरुण कुमार बेहेरा, साहिबगंज स्टेशन प्रबंधक गुड्डू शाह, सहायक अभियंता वेदव्यास सरण सहित रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे

राजमहल में फूड सेफ्टी विभाग ने की दुकानों में छापामारी

साहिबगंज- खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने साहिबगंज जिले के राजमहल नगर के स्टेशन चौक, गांधी चौक, निबंधन कार्यालय एवं मलखा बाबा स्थान के आसपास किराना, चाय और कोल्ड ड्रिंक्स की दर्जनों दुकानों में संघन छापेमारी अभियान फूड सेफ्टी ऑफिसर आशीष कुमार वर्मा, नवरंग देव व राजीव कुमार के नेतृत्व में की. इस कार्रवाई के दौरान राजू पान दुकान और रोहन चाय दुकान ,विमल चाय दुकानसहित कई प्रतिष्ठानों से भारी मात्रा में एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स, बिस्किट एवं अन्य सामग्री बरामद की. अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाने के साथ ही भविष्य में ऐसी गलती दुबारा नही करने की चेतावनी दी.अचानक हुई छापामारी से बाजारों में हड़कंप मच गया और खबर मिलते ही कई बड़े व्यवसायी अपनी दुकानों में ताला लगाकर मौके से निकल गये.

मिर्जाचौकी में बारिश से सड़क की हालत दयनीय

मंडरो-मंडरो प्रखंड क्षेत्र के बड़तल्ला पंचायत के मिर्जाचौकी से रक्सी स्थान जाने वाली मुख्य सड़क की जर्जर हालत एवं लगातार बारिश होने से सड़क एवं नाली मे बहुत ज्यादा बहाव हो रहा है. वहीं पानी बड़तल्ला रेलवे साइडिंग के घरों में जमा हो गया है. बुधवार को हुई बारिश से कई घरों में रखा समान एवं खाने का सामान बर्बाद हो गया. इस संबंध गृहस्वामी अशोक कुमार सिंह एवं लालू सिंह ने बताया कि हमारे दोनों जगह का घर जलमग्न हो गया है. घर से आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं बचा है. घर के चारों तरफ पानी जमा हो गया है एवं घर में रखा सभी समान बर्बाद हो गया.अब खाना कैसे बनाया जायेगा ये बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है.यह भी बताया कि मिर्जाचौकी से रक्सी स्थान सड़क में नाली निर्माण एवं सड़क मरम्मत के लिए एक दशक पूर्व से हमेशा साहिबगंज डीसी को आवेदन दे कर जानकारी दी गई. लेकिन आज तक इस पर सुनवाई नहीं हुई.अब लागातार बारिश से नाली एवं बाजार का पानी घर को डुबा रहा है.घरों में विषैले जीव जंतु का प्रवेश करने की बात कही जा रही है. महिलाएं डर से घर के बाहर नहीं निकल रही है. इस पर बड़तल्ला के ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मती एवं नाली का निर्माण नहीं किया जाता है.तो बरसात में लोगों के घरों में जल जमाव होगा तो ग्रामीण चरणबद्ध आंदोलन करेंगे.

बारिश से जनजीवन प्रभावित, धान रोपनी में आई तेजी

बरहेट - बरहेट प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है. लगातार हो रही वर्षा से लोगों की दैनिक गतिविधियों और कामकाज पर असर पड़ा है वहीं दूसरी ओर किसानों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है. खेतों में पर्याप्त पानी जमा होने से धान की रोपनी का कार्य तेज गति से शुरू हो गया है और किसान पूरे उत्साह के साथ खेती के कार्य में जुट गए हैं.बारिश के बावजूद श्रावणी मेले के दौरान पश्चिम बंगाल से आए सैकड़ों कांवरियों ने शिवगादी धाम पहुंचकर बाबा जागेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की. खराब मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी.इधर बरहेट बाजार-शिवगादी मार्ग स्थित शिवगादी चौक के समीप मस्जिद एवं आसपास के निचले इलाकों में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है.

पतना में अज्ञात चोरों ने की सीएसपी से 1.70 लाख की चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज-जिले के रांगा थाना क्षेत्र के तलबड़िया चौक पर अवस्थित इंडियन बैंक के अधिकृत सीएसपी से बिति रात अज्ञात चोरों के द्वारा लगभग एक लाख सत्तर हजार रुपया की चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है.इस संबंध में पिड़ित सीएसपी संचालक सैफुल इस्लाम पिता ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे सीएसपी पहुंच कर शटर खोलकर बगल के ट्रेलर की दुकान में जाकर बातचीत करने लगे. लगभग दो तीन मिनट बाद मोबाइल पर ऑनलाइन क्लास के लिए नोटिफिकेशन आया तो बातचीत करने के बाद मैं अपने सीएसपी पहुंचा.जैसे ही अंदर गया तो देखा कि सारा सामान ,कागजात,फाइल इधर उधर बिखरा पड़ा है.फिर नगद काउंटर पर नजर पड़ी तो देखा की काउंटर का लॉक टूटा हुआ है और उसमें रखा एक लाख सत्तर हजार रुपये नगद गायब है.उन्होने बताया कि रोज पैसे सीएसपी से घर लेकर चले जाते थे लेकिन मंगलवार की शाम को अचानक तबियत खराब होने की वजह से बाजार जाने के लिए निकला ये सोचकर की वापस आते समय पैसे साथ लेकर चला जाऊंगा.जैसे ही निकला था तो मौसम खराब हो गई थी. वापस घर चला गया और पैसे काउंटर पर ही भूल गया. बुधवार की सुबह आया तो देखा चोरों ने चोरी कर लिया है. कैमरे के चार्जर भी खुले हुए थे.घटना की जानकारी मिलते ही रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए. प्रथम दृश्या ऐसा प्रतीत हो रही है कि अज्ञात चोर सीएसपी के एलबेस्टर वाले छत को तोड़कर अंदर घुस दरवाजे की छिटकनी को तोड़ा और सीएसपी के अंदर रखे केवल नगद राशि लेकर फरार हो गया.जांच के दौरान सीएसपी की छत टूटी हुई पाई गई है.

कार्यपालक अभियंता के पद पर मुकेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया

साहिबगंज-साहिबगंज जिले के ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के सातवें कार्यपालक अभियंता के रूप में मुकेश कुमार ने बुधवार को पदभार किया.उन्होने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कार्यपालक अभियंता रामाकान्त से पदभार ग्रहण किया.पदभार लेने के बाद मुकेश कुमार ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण ओर प्राक्कलन के अनुसार कार्य कराना मेरी प्राथमिकता होगी.सहायक अभियंता के रूप में जिला में अपनी सेवा पूर्व में दे चुके है. समय-सीमा के अंदर कार्य पूर्ण कराना पहली प्राथमिकता होगी. मौके पर कनीय अभियंता रामाशंकर, सहायक अभियंता प्रेम कुमार, देवीलाल हांसदा व जेई दिवाकर कुमार सहित अन्य थे.

विद्यार्थियों की न्यायोचित मांगों का समाधान संवाद पारदर्शिता एवं संस्थागत सुधारों से हो: अभाविप

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जंतर-मंतर पर नीट-यूजी सहित विभिन्न शिक्षा संबंधी विषयों को लेकर आयोजित प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है. परिषद ने कहा कि विद्यार्थियों की न्यायोचित मांगों का समर्थन करते हुए भी यह आवश्यक है कि किसी भी आंदोलन का स्वरूप शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं अनुशासित बना रहे. हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करना किसी भी आंदोलन को कमजोर करता है और इससे विद्यार्थियों के मूल मुद्दे पीछे छूट जाते हैं.अभाविप ने कहा कि वह प्रारंभ से ही नीट-यूजी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग करती रही है. परिषद ने परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, दोषियों पर कठोर कार्रवाई तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की संपूर्ण व्यवस्था की समीक्षा के लिए भारत सरकार से उच्च स्तरीय समिति के गठन की मांग का समर्थन किया है. परिषद का मानना है कि इससे परीक्षा प्रणाली अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी एवं छात्र हितैषी बनेगी.अभाविप ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं और आंदोलनों का उपयोग किसी भी संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ या राष्ट्रविरोधी एजेंडे के लिए नहीं किया जाना चाहिए. छात्र शक्ति देश की सबसे बड़ी रचनात्मक शक्ति है. जिसका उपयोग केवल शिक्षा सुधार, राष्ट्र निर्माण और समाज हित के लिए होना चाहिए.

डीएसपी ने की अनुसंधान पदाधिकारियों के साथ केस की समीक्षा

साहिबगंज- जिरवाबाड़ी थाना परिसर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने एवं अनुसंधान में तेजी लाने के लिए पुलिस उपाधीक्षक रविकांत साव की अध्यक्षता में थाना के सभी अनुसंधान पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक हुई.बैठक के दौरान थाना क्षेत्र में दर्ज विभिन्न कांडों की बारीकी से समीक्षा की गई.पुलिस उपाधीक्षक रविकांत साव ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए अनुसंधान की गति तेज करने का निर्देश दिया. उन्होंने स्पष्ट कहा कि गंभीर मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक केस में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने अनुसंधान पदाधिकारियों से केस डायरी की प्रगति, साक्ष्य संकलन, आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चार्जशीट दाखिल करने की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली.साथ ही फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया.पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए पारदर्शी और निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है.उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें और हर मामले में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें. बैठक में थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह सहित सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के1,71,156 लाभुकों को 42,78,97,500 रूपया का भुगतान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - झारखंड सरकार के महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के माह जुलाई 2026 के साहिबगंज जिले के पात्र लाभुकों को सम्मान राशि भेजी गई.जिले के लगभग 1,71,156 पात्र लाभुकों के बैंक खातों में जुलाई 2026 की सम्मान राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है. योजना अंतर्गत प्रत्येक लाभुको को एक माह की कुल 2,500 रूपरेखा की सम्मान राशि प्रदान की जा रही है. इस क्रम में जिले के लाभुकों के बैंक खातों में कुल 42,78,97,500 रूपया हस्तांतरित की जा रही है.मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का उद्देश्य राज्य की पात्र महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है. जिला प्रशासन योजना के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है.सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना के तहत जिले के 191 पात्र लाभुकों के बैंक खातों में माह अप्रैल से जुलाई 2026 की सहायता राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है. योजना अंतर्गत प्रत्येक लाभुको को 1000 रूपया प्रति माह के दर से चार माह की कुल 4000 रूपया की सहायता राशि प्रदान की जा रही है. इस क्रम में जिले के लाभुकों के बैंक खातों में कुल 7,96,000 रूपया क्रेडिट की जा रही है.जिला प्रशासन ने सभी लाभुकों से अनुरोध किया है कि वे अपने बैंक खाते की नियमित रूप से जांच करें.

एसडीओ ने बीएलओ और बीएलए 2 के साथ की बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल-राजमहल प्रखंड अंतर्गत सभी 142 मतदान केंद्र में बुधवार को बीएलओ और बीएलए 2 की तृतीय बैठक और चुनाव पाठशाला का आयोजन अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई. जिसमें अंतिम रूप से एएसडीईएफ की सूची फाइनल की गई. बैठक की प्रोसिडिंग को सभी को पढ़ कर सुनाया गया. इस दौरान एसडीओ सदानंद महतो द्वारा मतदान केंद्र संख्या 208, 207 और 204 सहित अन्य बूथ का भ्रमण किया गया. मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर संजय सिंह सहित सभी बीएलओ और बीएलए 2 उपस्थित थे.

नेताजी सुभाष चंद्र बोस इटवारी जं. आर मधुपुर जं. ताला रे श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

सुधराउ साकाम

08895/08896 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इटवारी जं.-मधुपुर जं.-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इटवारी जं. श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन रेयाक् हिजुक्-सेनोक् बाबोत रे माड़ाङ रे छापावाकान चेतान रेयाक् बोहोक् जुतुमान विज्ञापन बाबोत रे, नोआ बाडाय ओचोयेत्कोआ जे 08895 **नेताजी सुभाष चंद्र बोस इटवारी जं.-मधुपुर जं. श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन दो कोटशिला जं.** स्टेशन रे हों ओलाकान सोमोयटेवान लेका रे तेंगोना: **सेटेरोक् आ- 23.28 बजे, लाड़ाक् आ: 23.30 बजे।**

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

खाद्य सुरक्षा कार्यालय, देवघर।
खाद्य एवं औषधि भवन, नया सदर अस्पताल कैम्पस, देवघर।
email:-do.fooddeoghar@gmail.com

आगामी श्रावणी मेला – 2026 के लिए सभी स्थायी/ अस्थायी होटल/ रेस्टोरेंट/भोजनालय/ ढ़ाबा संचालकों के लिए दिशा–निर्देश :–

1. अपने–अपने खाद्य प्रतिष्ठानों में FSSAI License/ Registration लेकर ही खाद्य व्यवसाय करें। बिना वैद्य खाद्य अनुज्ञप्ति के व्यापार करना दण्डनीय अपराध है (U/S 31 Of FSS Act)। बिना वैद्य खाद्य अनुज्ञप्ति के व्यापार करने पर FSS Act 2006 की धारा 63 के तहत अधिकतम 10 लाख (दस लाख) रुपये तक के अर्थदण्ड का प्रावधान है।
2. खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निर्गत FSSAI License की मूल कॉपी एवं QR Code को मुख्य स्थल पर प्रदर्शित करें ताकि उपभोक्ता आसानी से scan कर खाद्य सुरक्षा से संबंधित शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकें।
3. सभी कच्चे खाद्य पदार्थों को केवल लाइसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विक्रेताओं से ही खरीदें साथ ही इसका संपूर्ण रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करेंगें।
4. तले भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थों जैसे – समोसे, पकौड़े, जलेबी, कचरी, बरा, ढुसका आदि को अखबार, प्रिन्टेड पेपर एवं प्लास्टिक/ पोलिथीन में देना सख्त मना है।
5. उपयोग में लाए जाने वाले पैकेट बंद खाद्य पदार्थ बिना वैद्य FSSAI License no., बनने की तिथि, Expiry की तिथि, Batch no., Nurtitional Value सूचना इत्यादि के क्रय–विक्रय करना FSS Act की धारा– 52 के तहत् दण्डनीय अपराध है।
6. कार्य करते समय apron, gloves, mask एवं hair net का प्रयोग अनिवार्य है।
7. अपने–अपने खाद्य प्रतिश्ठानों में ढक्कनयुक्त डस्टबीन रखें एवं उसका नियमित उपयोग करें।
8. दूध, पनीर, खोआ इत्यादि फूड लाईसेंसधारी वेंडर से ही ले एवं उक्त वेंडर का फूड लाईसेंस एवं बिल दुकान में रखना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के क्रम में अज्ञात स्त्रोत से प्राप्त खाद्य सामाग्रियों को जाँच, जब्त एवं नष्ट करते हुए फूड लाईसेंसधारियों पर नियमानुसार कारवाई की जा सकती है।
9. सभी खाद्य प्रतिष्ठान में प्रयोग की जाने वाली कटलरी एवं युटेनसिल्स की नियमाकुल साफ–सफाई एवं स्टेरलाइजेशन की समुचित व्यवस्था रखेंगें। साथ ही किचन एवं डाइन–इन–एरिया की साफ–सफाई रखना सुनिश्चित करेंगें।
10. सभी स्ट्रीट फूड वेंडर श्रावणी मेला क्षेत्र में लगने वाले अस्थाई स्ट्रीट वेंडर सहित विक्रय किये जाने वाले खाद्य सामग्रियों को ठीक से ढक कर रखेंगें एवं वैद्य FSSAI License/ Registration लेकर ही कारोबार करेंगें।
11. अपने खाद्य प्रतिष्ठान में नियमित Pest Control PCI अधिकृत Agency से करवाना सुनिश्चित करें ताकि छिपकली, चूहे, कॉकरोच से होने वाली बिमारियों से बचा जा सकें और आम जन–मानस को Food Poisoning ना हो।
